वर्ष 24, अंक 194, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 22 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'कल्याण' के 100 साल:

# गीता प्रेस बिना विज्ञापन के चलता है- अमित शाह




**उत्तराखंड**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को गीता प्रेस और उसकी मासिक पत्रिका 'कल्याण' की 'सनातन धर्म' और भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि पीढ़ियों के सृजन के लिए काम करती है। शाह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ, ऋषिकेश के गीता भवन में गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह में उपस्थित थे। गीता भवन में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस सभा में उपस्थित गीता प्रेस और कल्याण के सभी पाठकों और प्रशंसकों को मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। कल्याण पत्रिका के 100वें अंक के विमोचन के इस शुभ अवसर पर उपस्थित होने का अवसर देने के लिए मैं गीता प्रेस का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। भारत में सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति, विश्व में समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय संस्कृति की ओर देखने वाला प्रत्येक व्यक्ति और इस भूमि से प्रेम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति गीता प्रेस से अनभिज्ञ नहीं हो सकता।

शाह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रेस लाभ के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सृजन के लिए काम कर रहा है। शाह ने कहा कि कल मैं किसी से बात कर रहा था, और जब बात लाखों किताबों और उनसे जुड़े आंकड़ों पर आई, तो उन्होंने मन ही मन गीता प्रेस के मुनाफे का हिसाब लगाना शुरू कर दिया। आप सब हँसे, और मैं भी हँसा। मैंने उनसे कहा कि यह प्रेस मुनाफे के लिए नहीं चलती; यह पीढ़ियों के सृजन के लिए चलती है। मैंने गीता प्रेस के लोगों से कहा है कि अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत हो, तो वे मुझे फोन कर सकते हैं, लेकिन आज तक उन्होंने सरकार से या किसी भी मदद के लिए किसी को फोन नहीं किया है। गृह मंत्री ने याद दिलाया कि महात्मा गांधी का मानना था कि आध्यात्मिक ग्रंथ और पत्रिकाएँ बाजार के दबाव से मुक्त रहनी चाहिए, जो बात गांधी ने कल्याण के प्रभारी लोगों से कही थी। शाह ने कहा, कल मैं किसी से बात कर रहा था, और जब बात लाखों किताबों और उनसे जुड़े आंकडों पर आई, तो उन्होन मैन ही मैन गीता प्रेस के मुनाफे का हिसाब लगाना शुरू कर दिया।

# तोड़ रही है सनातन धर्म की परंपरा- अखिलेश यादव

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** प्रशासन द्वारा कथित तौर पर चल रहे माघ मेले के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोकने के विवाद के बीच, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए उस पर सनातन धर्म की परंपराओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और अन्य संत हमारे लिए गर्व का विषय हैं और प्रमुख धार्मिक आयोजनों के दौरान भक्तों का उनसे मिलने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए एकत्रित होना स्वाभाविक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रथा सनातन धर्म का अभिन्न अंग है।




अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा, ह्लदेखिए, शंकराचार्य जी और हमारे सभी संत और ऋषि हमारा गौरव हैं। जब इतना बड़ा आयोजन होता है, तो लोगों का उनसे मिलने और उनका आशीर्वाद लेने आना स्वाभाविक है। उनके अनुयायी उनसे बहुत मार्गदर्शन और ज्ञान प्राप्त करते हैं - यही सनातन धर्म की परंपरा है। और अगर कोई इस परंपरा को तोड़ रहा है, तो वह भारतीय जनता पार्टी है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा को अपने पदाधिकारियों के माध्यम से इस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए था और पार्टी पर जानबूझकर संतों और ऋषियों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे दावा किया कि भाजपा संविधान, कानून के शासन और भाईचारे और संस्कृति के मूल्यों को बनाए रखने में विफल रही है, जो उनके अनुसार देश की पहचान हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा को अपने पदाधिकारियों के माध्यम से इस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए था।

भारतीय जनता पार्टी ने जानबूझकर संतों और ऋषियों का अपमान किया है। संविधान और कानून, जो हमारे देश की पहचान हैं, साथ ही भाईचारा और संस्कृति - जिनका सम्मान और पालन किया जाना चाहिए - भारतीय जनता पार्टी ऐसा करने में विफल रही है।

इस बीच, 18 जनवरी को, प्रयागराज के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बिना पूर्व अनुमति के आए और स्थापित परंपराओं का उल्लंघन किया।

# पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का समापन: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया 6 बड़े संकल्पों का ऐलान

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में 19 जनवरी को शुरू हुए 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आज समापन हुआ.

सम्मेलन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि तीन दिन के इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से कुल 36 सदस्य शामिल हुए, जिनके साथ तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई.



पहला विषय था पारदर्शी, कुशल और जनकेन्द्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग. दूसरा कार्यकुशलता बढ़ाने और लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करने के लिए विधायी संस्थाओं में सदस्यों में क्षमता निर्माण और तीसरा सबसे आवश्यक, जनता के प्रति सदस्यों की जवाबदेही. इन तीनों विषयों पर चर्चा के बाद 6 संकल्प लिए गए.

सभी राज्यों की विधानसभाएं 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य की प्राप्ति करें और इसके लिए सभी विधानमंडलों में अपने राज्य के साथ-साथ देश के विकास पर चर्चा हो।

## 'संतों का अपमान' बना सियासी मुद्दा

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** प्रशासन द्वारा कथित तौर पर चल रहे माघ मेले के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोकने के विवाद के बीच, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए उस पर सनातन धर्म की परंपराओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और अन्य संत गौरव का विषय हैं ।

# मेघालय भाजपा की राजनाथ सिंह से अहम मुलाकात

## शिलांग के दलित सिख समुदाय के पुनर्वास पर हुई चर्चा

**मेघालय**

**मेघालय** के कैबिनेट मंत्री सनबोर शुल्लाई और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रिकमान जी मोमिन के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और थेम इयू मावलोंग से छावनी क्षेत्र में दलित सिख समुदाय के पुनर्वास के लंबे समय से लंबित मुद्दे के शीघ्र समाधान की मांग की। एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

शिलांग छावनी बोर्ड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सनबोर शुल्लाई द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने रक्षा मंत्री को



इस मामले की संवेदनशीलता और महत्व से अवगत कराया और मंत्रालय से राज्य के व्यापक हित में शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से छावनी बोर्ड द्वारा हाल ही में पारित भवन उपनियमों के शीघ्र कार्यान्वयन और छावनी क्षेत्र में नीति के नवीनीकरण में तेजी लाने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, नेताओं ने शिलांग फ्लाईओवर परियोजना के सुचारू रूप से पूरा होने के लिए आवश्यक रक्षा भूमि अधिग्रहण के लिए शीघ्र स्वीकृति मांगी। रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उठाए गए सभी मुद्दों और शिकायतों की जांच की जाएगी और वे संबंधित अधिकारियों से इस मामले को उठाएंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सैनबोर शुल्लाई ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मुद्दों को आगे बढ़ाने और उनके शीघ्र कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए रक्षा मंत्री से दोबारा मुलाकात करेगा।

इस बीच, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र में मेघालय को राज्य स्थापना दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने मेघालय की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान पर जोर दिया, विशेष रूप से खासी, गारो और जयंतिया समुदायों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और महिला सशक्तिकरण राज्य के प्रेरक मूल मूल्य लगते हैं। पत्र में प्रधानमंत्री की "एक्ट ईस्ट" नीति का भी समर्थन किया गया।

# इकाना की तर्ज पर गोरखपुर में बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

## 30 हजार लोगों की होगी क्षमता, काम शुरू



**गोरखपुर**

**विकास** के नए प्रतिमान गढ़ रहा गोरखपुर आने वाले समय में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी जाना जाएगा. इसका जरिया बनेगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप ताल नदोर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम. 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए मुख्य निर्माण कार्य से पूर्व मिट्टी भराई व लेवलिंग का काम शुरू हो गया है. पहली किश्त के रूप में शासन की तरफ से 63.39 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है.

गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है. मुख्यमंत्री ने जब इसकी मंशा जताई तो सबसे पहली आवश्यकता अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप पर्याप्त भूमि की पड़ी. इसके लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में भूमि चिन्हित की. जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि ताल नदोर में ही पशु चिकित्सा, महाविद्यालय और वृहद कान्हा गोशाला का भी निर्माण हो रहा है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से यह पूरा क्षेत्र विकास की नई आभा से निखर उठेगा. फिलहाल सारी कार्ययोजना तय करने के बाद स्टेडियम निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की तरफ से दिसंबर के आखिरी सप्ताह से मिट्टी भराई और समतलीकरण का काम प्रारंभ करा दिया गया है।

# वाराणसी: राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 3 साल पूरे,

## शोभा यात्रा में मुस्लिम महिलाएं भी हुईं शामिल



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण परतिष्ठा के तीन वर्ष पूरे होने पर वाराणसी में जबरदस्त माहौल देखने को मिला. वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी. इस शोभा यात्रा में जो चीज सबसे खास थी वो था, बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं का साथ होना.

शोभा यात्रा में दर्जनों गाड़ियों के काफिले पर प्रभु श्री राम की भव्य कट आउट लगाकर गाड़ियों को बेहद आकर्षक तरीके से सजाकर यह शोभायात्रा निकाली गई ,सबसे पहले प्रभु श्री राम की आरती उतार कर जय श्री राम की जय घोष के साथ सैकड़ो लोग इस शोभायात्रा में शामिल हुए.

**सभी से एकता की अपील**

वाराणसी शहर में इस तरह के आयोजन ने सभी में उत्साह भर दिया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए. कार्यक्रम आयोजक वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने कहां की भगवान राम से देश की सुख शांति समृद्धि की कामना से प्रार्थना के साथ सभी से अपील है कि राष्ट्र हित में सभी लोग एक होकर संगठित होकर रहे.

**मुस्लिम महिलाओं ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब**

शोभा यात्रा में शामिल मुस्लिम महिलाओं ने वाराणसी शहर की परम्परा को और जीवंत किया. उनके मुताबिक भगवान सबके सतह हैं. लिहाजा ऐसे कार्यक्रमों में धर्म को आड़ में नहीं चाहिए. आयोजकों ने भी कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी का धन्यवाद किया.

यहां बता दें कि 22 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी,

जिसके बाद से हर वर्ष इस दिन पूरे प्रदेश में भव्य आयोजन होता है।

# सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है- राहुल गांधी

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में शासन की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि पूरे देश में लालच की महामारी फैल गई है। उन्होंने मुबारकपुर डबास के शर्मा एन्क्लेव इलाके में सीवेज के अत्यधिक उफान के कारण जलभराव का एक वीडियो भी साझा किया। आम नागरिकों की परेशानियों को उजागर करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि व्यवस्था सत्ता में बैठे लोगों के हाथों बिक चुकी है और जवाबदेही की मांग की।



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि हर आम भारतीय की ज़िंदगी आज ऐसी ही नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। उन्होंने कहा कि देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है। हमारा समाज इसलिए मर रहा है क्योंकि हमने इस सड़न को "New Normal" मान लिया है - सुन्न, निशब्द, बेपरवाह। जवाबदेही की मांग करो, वरना यह सड़न हर दरवाजे तक पहुंचेगी।

अपने पोस्ट के साथ, गांधी ने एक स्थानीय पत्रकार द्वारा बनाया गया वीडियो साझा किया, जिसमें नई दिल्ली के मुबारकपुर डबास के शर्मा एन्क्लेव इलाके का बड़ा हिस्सा सीवेज ओवरफ्लो के कारण जलमग्न दिखाया गया है।

वीडियो में, निवासी खुद ही स्थिति को संभालते हुए दिख रहे हैं और उनका कहना है कि पिछले 6 से 8 महीनों में स्थिति और भी खराब हो गई है।

# मिशन बंगाल में जुटे नितिन नवीन

## बीजेपी अध्यक्ष बनने के बाद पहला दौरा, चुनावी रणनीति पर करेंगे चर्चा

**बंगाल**

**बीजेपी** के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद नितिन नवीन आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे गए हैं. नितिन नवीन 27 जनवरी 2026 को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे. यहां वे पार्टी के कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक करेंगे. इन बैठकों का उद्देश्य चुनाव से पहले संगठन की स्थिति को समझना और पार्टी की ताकत का आकलन करना होगा.

**बंगाल के नेताओं से की थी मुलाकात**

नितिन नवीन ने मंगलवार (20 जनवरी 2026) को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शपथ लिया. अध्यक्ष चुने जाने से पहले ही वह पश्चिम बंगाल बीजेपी के साथ संपर्क में थे. नामांकन दाखिल करने के बाद सोमवार रात उन्होंने राज्य बीजेपी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, बालुरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमिताभ चक्रवर्ती, सुनील बंसल, मंगल पांडे और अमित मालवीय से मुलाकात की थी.

पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य संगठन के सभी स्तरों के नेताओं से मिलने की योजना बना रहे हैं. इन बैठकों में पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्क) अभियान को लेकर पार्टी के रुख पर भी चर्चा होने की संभावना है. इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता जॉय प्रकाश मजूमदार ने कहा कि ऐसे दौरों का कोई खास असर नहीं पड़ेगा.



**टीएमसी का नितिन नवीन पर हमला**

उन्होंने कहा, 'पहले भी बीजेपी के केंद्रीय नेता यहां आए और चुनाव जीतने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए. जेपी नड्डा ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कहा था

कि वे संगठन की समीक्षा के लिए दो बार पश्चिम बंगाल आएंगे, लेकिन जब उन्हें समझ आ गया कि बंगाल में बीजेपी की कोई संभावना नहीं है, तो उन्होंने आना बंद कर दिया.

नितिन नवीन ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बीजेपी की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने, सनातन परंपराओं और आस्था की रक्षा करने और देश को जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से बचाने का भी आह्वान किया।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, गुरूवार 22. 1. 2026



# भूमि अधिग्रहण मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश
# डीएम ने की परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



संगम सभागार में भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा

**प्रयागराज।** विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को लेकर बुधवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज तीसरी लाइन परियोजना, बमरौली-मनौरी स्टेशन के मध्य दो आरओबी, इनर रिंग रोड फेज-1 एवं 2, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24बी में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण, एयरपोर्ट रनवे विस्तारीकरण एवं फोरलेन मार्ग के प्रतिकर भुगतान, जसरा बाईपास तथा यूपीईडा से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्टों में भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/भूमि अध्याप्ति अधिकारी को परियोजना अधिकारियों एवं संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक 15 दिन में सभी परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों की बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिन मामलों में भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा भुगतान शेष है, उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन भूमि स्वामियों को मुआवजा भुगतान हो चुका है, वहां कब्जा प्रक्रिया तुरंत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अधिग्रहित भूमि से अवैध कब्जा हटवाने एवं अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए।

तहसील फूलपुर और करछना के उपजिलाधिकारियों को रिंग रोड फेज-1 एवं 2 से संबंधित भूमि अधिग्रहण और अवैध कब्जों के मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, तहसीलदार करछना व सोरांव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी पीके राय सहित विभिन्न परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक ही नामांकन होने से लाल विशुन पटेल का अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होना तय

**जसरा।** उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक शाखा जसरा में अध्यक्ष पद पर एक ही नामांकन होने से लाल विशुन पटेल का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। इस अवसर पर भाजपा के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड शाखा जसरा के अध्यक्ष पद का नामांकन मंगलवार को कराया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लाल विशुन पटेल का एक मात्र नामांकन दाखिल किया गया। मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को निर्वाचन का कार्य पूरा हो जाएगा। निर्वाचन अधिकारी के रूप में तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी रहीं। भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक मुकीम अहमद ने बताया कि निर्वाचन में मात्र एक प्रत्याशी ने ही नामांकन पत्र भरा गया। जिसमें लाल विशुन पटेल का अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू छतहरा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, प्रकाश शुक्ला प्रचंड, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरीराम त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, राकेश पाठक, भूपेन्द्र पाठक, बीरेंद्र पाठक, निधीश, अशोक तिवारी, राजमणि पटेल सहित दर्जनों भाजपाई उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जेपीएल-2 की चैंपियन बनी संसारपुर टीम

**कोरांव।** 11 जनवरी से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता जमुआ प्रीमियर लीग का फाइनल मैच संसारपुर और मेजबान टीम जमुआ के बीच खेला गया जिसमें संसारपुर ने 12 ओवर में 117 रन बनाकर जमुआ टीम को 24 रन से पराजित कर लीग की ट्राफी अपने नाम किया। फाइनल विजेता टीम को ट्रॉफी मुख्य अतिथि सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य ने सौंपा। पूरी लीग के दौरान कई मैच खेले गए विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया गया था और अंततः फाइनल मैच मेजबान जमुआ और संसारपुर टीम के बीच खेला गया। बड़ी संख्या में क्रिकेट खेल के दीवानों का जमावड़ा जमुआ तलाब पर 10 दिन से लगा रहा और तरह तरह की दुकानें सजी थी, साथ ही दर्शकों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, दर्शकों का उत्साह देखकर टीम के कप्तान अमर सिंह एवं सभी आयोजकों ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी गणमान्य एवं खिलाड़ियों, दर्शकों का आभार प्रकट किया। क्रिकेट खेल की लोकप्रियता ग्रामीणांचल जमुआ गांव में बढ़ने से गांव का नाम रौशन होने पर ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत जनों ने आयोजनकर्ता युवा साथियों को साधुवाद आशीर्वाद दिया। प्रमुख रूप से अजीत सिंह, विजय बहादुर सिंह, महताब खान, लीग के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, राजेश पटेल, आदि उपस्थित रहें। पूरे टूनामेंट की कमेंट्री एवं संचालन राजीव सिंह व कमल ने किया।

### एषा सिंह को गणतंत्र दिवस परेड-2026 में 'वॉटर वॉरियर' के रूप में विशेष अतिथि का आमंत्रण



**प्रयागराज।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा गणतंत्र दिवस परेड-2026 के अवसर पर देशभर से गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन, स्वच्छता, सामुदायिक जागरूकता एवं पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सतत योगदान देने वाले चयनित वॉटर वॉरियर्स को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) सुश्री एषा सिंह का नाम शामिल है। एषा सिंह विगत कई वर्षों से गंगा संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर जन-जागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने गंगा तटवर्ती ग्रामों में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें गंगा स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कियो नमामि गंगे परियोजना को केवल एक सरकारी परियोजना तक न सीमित रखते हुए उन्होंने इसे जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।उनके प्रयासों में महिलाओं, युवाओं एवं ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। 'नदी उत्सव',गंगा उत्सव जैसे समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता को मजबूती दी गई। जिला स्तर पर विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, क्विज, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैलियाँ तथा घाटों पर स्वच्छता अभियानों का आयोजन कर छात्रों एवं आम नागरिकों को पर्यावरण एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। महाकुंभ-2025 जैसे विशाल आयोजन के दौरान उनके नेतृत्व में संचालित नमामि गंगे प्रदर्शनी, जन-जागरूकता रैलियों एवं अभियानों ने देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं में गंगा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल किया। इन उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गंगा संरक्षण के प्रति उनके समर्पण को पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सराहा जा चुका है। उन्हें भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री द्वारा 'वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वॉटर वॉरियर अवार्ड' तथा राज्य स्तर पर 'गंगा सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। गणतंत्र दिवस परेड-2026 में विशेष अतिथि के रूप में उनका चयन उनके सतत, समर्पित एवं प्रभावी कार्यों की स्वाभाविक परिणति है।

# एक माह में तीन बार जला ट्रांसफार्मर

## बिजली संकट से उपभोक्ता परेशान, क्षमता वृद्धि की मांग



अखंड भारत संदेश

**मांडा।** गिरधरपुर-बघौरा भरथीपुर मुख्य मार्ग के सामने लगा 10 केवीए का ट्रांसफॉर्मर एक माह दो दिन के भीतर तीन बार जल चुका है। इससे क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता गंभीर बिजली संकट और पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत लोग पीने के पानी के लिए सबमर्सिबल पंप पर निर्भर हैं, जो बिजली के बिना काम नहीं करते। इस 10 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से कुल 19 उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। प्रभावित उपभोक्ताओं में सुषमा देवी, पन्नालाल गुप्ता, मनोरमा देवी, जान मोहम्मद, राहुल कुमार, गीता देवी, विश्राम पाल, मनोज दूबे, मीना केशरी, कलावती देवी, नगीना बेगम, सरिता देवी, किरन देवी, अनारकली, वृहस्पति सिंह, ननकी देवी, अनिल कुमार पाण्डेय और संजय पाण्डेय शामिल हैं।

### विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा



गिरधरपुर गांव के बनारसी केशरी ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर के बार-बार जलने से बिजली के अभाव में पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है।

सुरेश केशरी ने ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक लोड को समस्या का कारण बताते हुए इसकी क्षमता तत्काल बढ़ाने की मांग की।

महेंद्र प्रसाद केशरी ने बताया कि एक माह दो दिन में तीन बार ट्रांसफॉर्मर जल चुका है, जिसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 80 से 90 प्रतिशत उपभोक्ता नियमित बिल भुगतान करते हैं, फिर भी उन्हें अंधेरे में रहना पड़ रहा है और पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

पन्नालाल ने बताया कि 99 प्रतिशत लोग बिजली पर निर्भर हैं, लेकिन एक महीने में तीन बार ट्रांसफॉर्मर बदलने के बावजूद विभाग मुख बाधित बना हुआ है।

### विद्युत विभाग के जेई ने बताया

मांडा जेई नमो नारायण राय ने बताया कि बुधवार को उन्हें इस समस्या की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि एस्टीमेट बनवाकर विद्युत स्टोर भेज दिया गया है। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि के लिए सभी उपभोक्ताओं को हस्ताक्षर और कनेक्शन नंबर के साथ एक आवेदन पत्र पुनः जमा करना होगा, जिसके बाद वे एसडीओ महोदय को अवगत कराकर समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने भी स्वीकार किया कि अधिक लोड के कारण ट्रांसफॉर्मर जल जाता है।

# छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न




**जसरा।** राजकीय पालीटेक्निक बारा की तरफ से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दांदूपुर में प्रधानाचार्या रंजना मिश्रा के नेतृत्व में 105 छात्र छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी जिसमें 50 में से 44 नंबर प्राप्त कर जानवी शर्मा नें प्रथम स्थान प्राप्त किया व 44 नंबर प्राप्त कर राधिका नें दूसरा व 43 नंबर पाकर दिव्यांशु चौरसिया नें तीसरा स्थान प्राप्त किया पालीटेक्निक कॉलेज की तरफ से तीनो छात्रों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया,पालीटेक्निक बारा के एडमिन सुधांशु मिश्र नें बताया की इस प्रकार की क्विज प्रतियोगिता* से छात्रों के अंदर कम्पटीशन की भावना बढ़ती है और छात्रों के अंदर छुपी हुयी प्रतिभा निखर कर बाहर आती है व पालीटेक्निक कॉलेज के बारे में जानकारी देते हुए बताया की अब हमारे क्षेत्र के युवाओं को पालीटेक्निक जैसे कोर्स करने के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा क्योंकी अब हमारे यमुनापार के बारा विधानसभा में ही राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज की सुविधा उपलब्ध है जहाँ पर अच्छी फैकल्टीज और डिजिटल क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी फ्री टैबलेट, प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है, उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे, पूजा श्रीवास्तव, दिलीप विश्वकर्मा, मांशी शर्मा, डॉ प्रतिमा अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अनुवां में नव निर्मित बालाजी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा






**जंघई।** बालाजी मंदिर अनुवां बालाजी नगर में बालाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम अन्नभिषेक, जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक एवं नगर भ्रमण के साथ आचार्य सुमित तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से पूजन, अर्चन, आरती पूणार्हुति हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया। बालाजी पान कार्नर अनुवां बालाजी नगर के संस्थापक मुकेश मिश्रा गुड्डू द्वारा प्राण प्रतिष्ठा किया गया। सहयोगियों में गणेश तिवारी, उमेश तिवारी, नागेश तिवारी लोहिया, गामा पांडेय, सत्यप्रकाश उपाध्याय, पंकज शुक्ला, गोली उपाध्याय, अजय सोनी, तीरथ यादव, दादे दुबे, राज दुबे, अखिलेश दुबे, मंचल उपाध्याय, विजय शंकर उपाध्याय, प्रमोद दुबे, रिंकू दुबे, राजेंद्र पांडेय, पिंटू पाल, सोलू, विजयी यादव, श्याम उपाध्याय, पंकज मिश्रा एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज में बाइक न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार कर भगाया

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र ग्राम मलखानपुर निवानीय नगमा बानों का कहना है कि उसकी शादी आठ माह पूर्व प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम मेढौली पथरामपुर निवासी बरकत अली के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा दहेज में बाइक की मांग की जाने लगी। बाइक की फरमाइश न पूरी होने पर उसपर जुल्म का पहाड़ तोडा जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि उसे मार पीट कर पति उसे ई रिक्शा पर बैठा कर उसके मयके लाया छोड कर भाग गया। वह तमाम अधिकारियों के यहां फरियाद लगाई। कहीं कोई सुनवाई न होने पर वह न्यायालय में इंसाफ की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने विवाहिता के पति बरकत अली, ससुर मोहम्मद अब्दुल मजीद,सास सबीना बानों,ननद शमा बानों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज करा दिया।

# शिक्षक संकुल परसरा की मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** शासन द्वारा निर्धारित एजेंडे के अनुसार जनवरी माह की शिक्षकों की शिक्षक संकुल परसरा की बैठक प्राथमिक विद्यालय चिल्ला जसरा प्रयागराज में संपन्न हुई। दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के बाद निर्धारित एजेंडे पर चर्चा हुई। प्रेरक गतिविधि के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चिल्ला के बच्चों ने गतिविधियों के माध्यम से बेहतर शैक्षिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। हमारे प्रयास के अन्तर्गत शिक्षक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को कैसे नवाचार से जोड़ा जाए इस पर प्रकाश डाला। अकादमिक नियोजन पर शिक्षिका डॉ ज्योति जायसवाल ने प्रस्तुतिकरण दिया। विभागीय प्राथमिकता पर शिक्षिका नाहिद सुल्ताना ने सबसे अपने अनुभव साझा किए। बैगलेस शनिवार अनुभव सीख पर शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी ने अपना प्रस्तुतीकरण किया। डिजिटल संसाधनों के प्रयोग पर भी शिक्षकों ने अपने विचार रखे। शिक्षक सरोज कुमार यादव और रमाशंकर त्रिपाठी ने शिक्षक संकुल बैडक को और प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। नोडल शिक्षक संकुल अलका शर्मा ने बैठक का समेकन प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापिका नीरू सिंह ने सबका धन्यवाद किया और बैठक का सफल संचालन शिक्षिका बबिता वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ एसपी सिंह, राजेश त्रिपाठी, शरद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, इरफान अहमद, मीनाक्षी मिश्रा, सुनीता, अर्जुन सिंह, जगमोहन, कीर्ति लता, बबिता कुशवाहा, संतशरण, सुमंत भार्गव, कविता शुक्ला, हर्षित सिंह, रणवीर सिंह, कमलेश, पंकज, सुचंद्रा बनर्जी, गुरूदयाल, बीनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ने जरूरतमंद 14 सौ लोगों मे कम्बल का वितरण किया



**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत डीहा में प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक व जिला पंचायत सदस्य डॉ. विजय बाबू यादव ने क्षेत्र के दर्जन भर गांवो से अधिक जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को ठंड के मद्देनजर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ठंड से बचाव के लिए उन्हें गर्म कपड़े के रूप में कंबल का वितरण करके गरीबों के मसीहा बने। विगत वर्ष भी कई सालों से गरीबों के बीच कंबल वितरण से लेकर दवाएं एवं खाने-पीने की चीज गरीबों को वितरित करते आए हैं । इसी कड़ी में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों को मंगलवार को प्रकाश हॉस्पिटल के प्रांगण में बुलाकर उन्हें कंबल वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि डीहा गांव स्थित जिला पंचायत कार्यालय से अब तक कुल 14 सौ लोगों में कम्बल का वितरण किया गया। और कम्बल का वितरण अभी जारी है। इस मौके पर जितेंद्र शुक्ल एडवोकेट, प्रेमचंद आदिवासी, ओम प्रकाश आदिवासी, मनी बहादुर यादव, संजय यादव, बाबा पाल, गंगा शंकर विश्वकर्मा, श्याम बहादुर यादव, ब्रह्मचारी यादव, जगदीश यादव, विमल बाबू, राज नारायण, कृष्ण कुमार यादव, मुलायम यादव सहित महिलाएं पुरुष एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत प्रधानाध्यापक का निधन, परिजन, क्षेत्र शोकाकुल



**जंघई।** पूर्व प्रधानाध्यापक एवं महुवापुर, चंपापुर गांव निवासी पंडित राजमनि दुबे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक करीब 10 दिन पूर्व रात में फिसलकर नीचे गिर गये थे और सिर में चोट लग जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये परिजन प्रयागराज ले गये जहां पर स्थिति नाजुक होने पर डाक्टरों ने बेहतर इलाज हेतु पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया। बेहतर इलाज हुआ परिवार के सदस्यों ने हर संभव प्रयास भी किया परंतु विधि का विधान ईश्वर की मंशा के अनुरुप कोई वश नहीं चला अंततः बुधवार सुबह सांसें थम गई। शाम को शव घर पहुंचने पर परिवार के सदस्य दहाड़ मारकर रोने लगे जिसे देखकर मौजूद सैकड़ों लोगों की आंखें बोझिल हो गई। पुत्रों में राकेश दुबे सेवानिवृत एडीओ पंचायत, कमलेश दुबे पूर्व प्रधान, विमलेश दुबे, इंद्रेश दुबे सचेंद्र दुबे, शैलेंद्र दुबे सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। फूलों से सजे शव वाहन के साथ शव यात्रा निकली और देर रात प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पंडित राजमनि दुबे बहुत ही सरल, सामाजिक, मिलनसार, उदार प्रवृति के थे उनके आकस्मिक निधन से परिवार के सदस्य एवं क्षेत्र के लोग शोकाकुल हैं। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# माघ मेला सेक्टर-7 में सफाई कर्मियों को कंबल व उपयोगी सामग्री वितरित




**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-7 में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ठंड के मौसम को देखते हुए सफाई कर्मियों को राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व उनकी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर सफाई कर्मियों को कंबल के साथ-साथ दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उन्हें कार्य के दौरान सहूलियत मिल सके।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य प्रयागराज डा० आशू पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अरुण कुमार त्रिपाठी, मेला प्राधिकरण के सेनेटेशन प्रभारी डा० आनंद कुमार सिंह, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा० दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव, सुपरवाइजर रावेंद्र सिंह तथा स्वास्थ्य व सफाई विभाग के कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अधिकारियों ने सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि माघ मेला जैसे विशाल आयोजन में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम उनके मनोबल को बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों ने भी इस पहल के लिए मेला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

# प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग विमान क्रैश तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के बीचों-बीच बुधवार दोपहर एयरफोर्स का एक ट्रेनिंग विमान क्रैश हो गया। हवा में डगमगाने के बाद विमान केपी कॉलेज के पीछे स्थित एक तालाब में गिर गया। हादसे के समय दो सीटर माइक्रोलाइट विमान में सवार दोनों पायलटों ने समय रहते पैराशूट से छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। यह स्थान माघ मेला क्षेत्र से करीब तीन किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 12:20 बजे विमान अचानक असंतुलित होकर नीचे की ओर आया। इससे पहले कि विमान जमीन से टकराता, दोनों पायलट पैराशूट के सहारे कूद गए और तालाब में जा गिरे। तालाब में दलदल और जलकुंभी होने के कारण वे कुछ देर तक फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

जिस तालाब में विमान गिरा है, उसके आसपास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। विमान के सुनसान क्षेत्र में गिरने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

डिफेंस विंग के पीआरओ देबार्थो धर ने बताया कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट ने दोपहर 12:15 बजे बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। उड़ान के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आ गई। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को आबादी से दूर ले जाने का प्रयास किया, जिससे किसी भी तरह की जान-माल की क्षति नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# बाइक सवार को ट्रक चालक ने अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से मारी जोरदार टक्कर, दो युवकों की मौत

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग पर जिगना थाना क्षेत्र में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना राजमन बघौरा गांव के सामने हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतकों की पहचान प्रयागराज जनपद के मेजा थाना क्षेत्र के शाहपुर कवरिया निवासी चंद्रेश कुमार (22) पुत्र अवध नारायण और कोराव थाना क्षेत्र के पवारी गांव निवासी संतोष कुमार (23) पुत्र मंगला प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे।

जानकारी के अनुसार, चंद्रेश और संतोष जिगना थाना क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। शाम करीब छह बजे वे एक बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।



राजमन बघौरा गांव के सामने मांडा रोड की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया गया है कि दोनों युवक अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। जिगना इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि बाइक सवार दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मिजार्पुर शहर भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्वांचल में भागीदारी पार्टी सब के लिए एक सुनहरा विकल्प : ओ. पी. राजभर

## 27 में जिसके साथ भागीदारी पार्टी उसकी सरकार : प्रेमचंद प्रजापति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फाफामऊ विधानसभा के देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड का मैदान गोहरी रोड शांतिपुरम में बुधवार को भागीदारी पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय संघर्ष महारैली को बतौर मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भागीदारी पार्टी दलित,आदिवासी पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और वंचित समुदायों के अधिकारों के रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रही है। जो निरंतर समाज में समानता अधिकार और न्याय की मांग को संगठित रूप से उठाने का कार्य कर रही है।

भागीदारी पार्टी निरंतर एक के बाद एक ऐतिहासिक रैली करके पूर्वांचल में सभी दलों के लिए एक सुनहरा विकल्प बनती जा रही है। अब तो ऐसा लगने लगा है जिसके साथ भागीदारी पार्टी उसकी सरकार। प्रेमचंद प्रजापति निरंतर वंचितों शोषितों की आवाज को बुलंद करने का कार्य कर रहे हैं। पूर्वांचल में लगभग 18 प्रतिशत अकेले प्रजापति समुदाय की आबादी है किंतु कोई भी दल इसे मानने को तैयार नहीं है। आज प्रेमचंद प्रजापति की इस लड़ाई में समाज को इतना धार दे दिया है कि यह वर्ग अपना डंडा झंडा लेकर अपने नेता के साथ चलने को तैयार हो गया है। श्री राजभर ने कहा कि हम निरंतर सरकार से वातालर्प कर रहे हैं कि सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट 2026 क्षेत्र पंचायत चुनाव के पहले लागू करवा कर चुनाव कराया जाए



जिससे वंचित वर्ग का भी राजनीति में प्रतिनिधित्व हो सके। 27 प्रतिशत ओबीसी के आरक्षण का पूरा लाभ कुछ गिनी चुनी जातियां ही ले जा रही हैं खास तौर से विपक्ष में बैठे अखिलेश यादव का वर्ग।

श्री राजभर ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव का पी डी ए एक झूठा और खोखला नारा है क्योंकि इन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रेमचंद प्रजापति सहित कई दलों को धोखा देने का काम किया यह नहीं चाहते हैं कि कोई भी छोटा राजनीतिक दल खड़ा हो सके आज जिस तरीके से इन्होंने प्रजापति समाज को धोखा दिया अब यह वर्ग पूर्ण रूपेण भागीदारी पार्टी के साथ खड़ा हो चुका है।

भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने कहा कि भागीदारी पार्टी पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 100 सीटों पर तैयारी कर रही है और हर सीट पर बड़ी से बड़ी रैली करके समाज को जगाने और बूथ पर काम करने का काम किया जा रहा है। अभी सामने क्षेत्र पंचायत चुनाव है जिसमें भागीदारी पार्टी उत्तर प्रदेश में 1000 प्रधान बीडीसी और 200 के ऊपर जिला पंचायत चुनाव लड़ने जा रही है। भागीदारी पार्टी निरंतर अपने संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है। 2027 विधानसभा चुनाव में जिसके साथ भागीदारी पार्टी होगी उसी की सरकार बनेगी।

भागीदारी पार्टी निरंतर वंचितों शोषितों की आवाज को बुलंद करने का कार्य कर रही है। जब तक अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक को सम्मान अधिकार और वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित नहीं होती तब तक भागीदारी पार्टी पूरी ताकत के साथ राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य करती रहेगी। आज यह जनसमूह संकेत दे रहा है कि परिवर्तन निश्चित है।

भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ महेश चंद्रा प्रजापति ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रजापति समाज महाराजा दक्ष प्रजापति के वंशज हैं जिन्होंने पूरी सृष्टि पर राज किया। अब यह युवा जाग चुका है। पूर्वांचल में 18% आबादी वाला यह समाज अपना डंडा झंडा लेकर निकल चुका है जो परिवर्तन का आगाज कर चुका है। अगर हम जीत नहीं सकते तो किसी को जितने भी नहीं देंगे क्योंकि पहले चुनाव लड़ता है व्यक्ति हारने के लिए और दूसरा चुनाव लड़ता है हराने के लिए। श्री प्रजापति ने कहा कि हम तो मन बना लिए हैं कि हम तो डूबेंगे सनम लेकिन तुम्हें भी ले डूबेंगे यदि हम जीतेंगे नहीं तो तुम्हें जितने भी नहीं देंगे इस तर्ज पर भागीदारी पार्टी निरंतर बूथ पर काम कर रही है। एक दिन तो नहीं लेकिन एक दिन वह निश्चित आएगा जब उत्तर प्रदेश में भागीदारी पार्टी की सरकार होगी। उत्तर प्रदेश में शराब बंदी, एक समान अनिवार्य शिक्षा, मतदाता पेंशन जातिवार जनगणना, गरीब कल्याण कार्ड, महिला आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच भागीदारी पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर बने हुए हैं। इतिहास गवाह है जिसका संगठन जमीन पर रहा उसकी सरकार बनी।

श्री प्रजापति ने कहा हम मान्यवर कांशी राम जी की तर्ज पर गांव-गांव घूम कर जन चौपाल के माध्यम से अपने लोगों को पार्टी की मूलभूत विचारधारा के साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसी मेहनत का रिजल्ट है कि आज भागीदारी पार्टी लाखों की संख्या में बड़ी से बड़ी रैली कर रही है।

इस अवसर पर भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह प्रजापति राष्ट्रीय महासचिव कीर्ति प्रकाश द्विवेदी प्रदेश सचिव बाला प्रसाद कुशवाहा सुनील कुमार प्रजापति मंडल अध्यक्ष सुनील प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत प्रजापति, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन प्रजापति, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामचंद्र प्रजापति, राजीव प्रजापति राजेंद्र प्रसाद प्रजापति रूप प्रजापति संजय प्रजापति मंजू प्रजापति, वंदना प्रजापति, शिव भगवान प्रजापति वरिष्ठ पत्रकार गंगापार, राम प्रसाद प्रजापति पत्रकार के साथ कई हजार प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 149 केन्द्रों पर 65 हजार छात्र देंगे परीक्षाएं

## मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 22 जनवरी से होंगी प्रारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालयए प्रयागराज की सत्र दिसम्बर 2025 की परीक्षाएं 22 जनवरी 2026 से प्रारम्भ हो रही हैं। पूरे प्रदेश में 149 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 65 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार को परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर गिरीश कुमार द्विवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 21 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। उचित छात्र संख्या का मानक स्थापित करते हुए प्रत्येक जनपद में एक परीक्षा केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर द्विवेदी ने ने बताया कि प्रदेश के चार केंद्रीय कारागारों में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें बरेली, फतेहगढ़, बस्ती तथा गोरखपुर हैं । परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः10 से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इस बार की परीक्षा समर्थ पोर्टल के माध्यम आयोजित की जायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी के लिए परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य किया गया तथा नियमानुसार उन्हीं का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया जिन्होंने अपने अधिन्यास कार्य निर्धारित तिथियों पर जमा किए।

उन्होंने बताया कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं । जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षाओं में सभी स्तर की प्रक्रियाओं में अधिक से अधिक डिजिटल माध्यमों व तकनीकी के प्रयोग के लिए विश्वविद्यालय निरंतर कृत संकल्पित है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने संपूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए केंद्राध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए हैं। नकल विहीन परीक्षा संपन्न करने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षकों की टीम लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करेगी। उन्होंने छात्रों की सहायता के लिए क्षेत्रीय केंद्र पर हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश दिया।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो एवं परीक्षार्थियों की समस्या के त्वरित समाधान के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सहायता पटल स्थापित किया गया है। जहां परीक्षार्थियों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करने के लिए तकनीकी विशेषताओं से युक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

# पांडेय बिल्डिंग मटेरियल जंघई द्वारा नव वर्ष उपहार वितरण



**जंघई।** पांडेय बिल्डिंग मटेरियल, जंघई के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, आशुतोष पांडेय एवं संजय पांडेय की ओर से नव वर्ष 2026 के पावन अवसर पर क्षेत्र के समस्त ग्राहकों, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रतिष्ठान पर आए सभी शुभचिंतकों को डायरी, पेन एवं कलम भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। प्रोपराइटरों ने कहा कि क्षेत्रवासियों के विश्वास, सहयोग और स्नेह के कारण ही पांडेय बिल्डिंग मटेरियल निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने नव वर्ष में सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा भविष्य में भी उत्तम गुणवत्ता की निर्माण सामग्री एवं ईमानदार सेवा उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पांडेय बिल्डिंग मटेरियल द्वारा की गई इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और नव वर्ष 2026 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शिव सागर पांडेय, डबलू दुबे, संजय दुबे, राधेश्याम प्रधान कृष्णराज शुक्ल, राजित यादव, अरुण यादव, रजनीश उपाध्याय, केशव चौधरी, कलेक्टर दुबे, बब्बे मिश्रा, बबलू भाई, आशीष विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में परियोजनाओं से जुड़े सभी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज तीसरी लाइन प्रोजेक्ट, बमरौली-मनौरी स्टेशन के मध्य दो आरओबी, इनर रिंग रोड़ फेज-1 व 2, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 बी में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण, एयरपोर्ट रनवे विस्तारीकरण व फोर लेन मार्ग के प्रतिकर के भुगतान, जसरा बाईपास, यूपीडा से सम्बंधित प्रोजेक्टों में भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं की सम्बंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/भूमि अध्याप्ति अधिकारी से परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों एवं सम्बंधित तहसील के उपजिलाधिकारियों से समन्वय कर अधिग्रहण सम्बंधी मामलों का तेजी से निस्तारित कराये जाने तथा प्रत्येक 15 दिन में सभी परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों की बैठक कर सभी मुद्दो एवं समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिन भूमियों का अधिग्रहण के पश्चात भुगतान की कार्यवाही अवशेष है, उसे शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिन भूमि स्वामियों के द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजे की धनराशि ले ली गयी है तथा बकाया नहीं है और अभी तक कब्जा नहीं लिया गया है, ऐसे भूमियों पर कब्जे की कार्यवाही को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने अधिग्रहित भूमि से कब्जा भी हटवाये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि जिन भूमियों पर अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, ऐसी अधिग्रहित भूमियों से अवैध खनन किसी भी स्थिति में न होने पाये। उन्होंने तहसील फूलपुर, करछना के उपजिलाधिकारियों को रिंग रोड फेज 1 व 2 की जमीन अधिग्रहण व अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण हेतु मुआवजा राशि दे दी गयी है, अभियान चलाकर ऐसी भूमियों की अमलदरामद की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, तहसीलदार-करछना व सोरांव, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी पी0के0 राय सहित सम्बंधित परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी का हुआ भव्य शुभारंभ

## साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से अनुप्राणित होकर युवा कैडेट्स के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है

## एडवेंचर प्रशिक्षण अनुशासनबद्ध, आत्मनिर्भर एवं सशक्त युवाओं के निर्माण की आधारशिला है : ब्रिगेडियर उपेंद्र सिंह कांदिल

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** बुधवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज द्वारा पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी कैंप का आयोजन फाफामऊ वायु सेना क्षेत्र पड़िला हवाई पट्टी प्रयागराज में किया जा रहा है। यह शिविर साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से अनुप्राणित होकर युवा कैडेट्स के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस पाँच दिवसीय साहसिक शिविर का नेतृत्व एनसीसी ग्रुप कमांडर प्रयागराज ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल एवं लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर महोदय ने स्वयं पैरासेलिंग बैलून द्वारा उड़ान भरकर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया तथा साहसिक प्रशिक्षण के महत्व को व्यवहारिक रूप में प्रदर्शित किया।

अपने प्रेरक संबोधन में ब्रिगेडियर कांदिल ने कहा कि एडवेंचर प्रशिक्षण अनुशासनबद्ध, आत्मनिर्भर एवं सशक्त युवाओं के निर्माण की आधारशिला है। यह प्रशिक्षण कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, साहस तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है, जो राष्ट्र निर्माण में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व गुणों का विकास, आत्मविश्वास का सुदृढ़ीकरण तथा साहसिक दृष्टिकोण





का निर्माण करना है। शिविर का आयोजन कड़े सुरक्षा मानकों के अंतर्गत किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की सतत निगरानी, मानक सुरक्षा उपकरणों का पूर्ण उपयोग तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया गया है जिससे कैडेट्स को एक सुरक्षित, रोमांचक एवं समृद्ध अनुभव प्राप्त हो सके। एनसीसी प्रशिक्षण का अभिन्न अंग रही इस प्रकार की साहसिक गतिविधियाँ युवाओं में चरित्र निर्माण, सौहार्द, अनुशासन तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस एडवेंचर कैंप में 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। यह गतिविधि 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह के नेतृत्व एवं कुशल प्रबंधन में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। शिविर के प्रथम दिवस 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज एवं 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कैडेट्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर 6 यूपी गर्ल्स बटालियन की लेफ्टिनेंट कर्नल फराह दीबा का योगदान भी अत्यंत सराहनीय एवं उल्लेखनीय रहा। यह पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर कैंप न केवल साहसिक प्रशिक्षण का प्रतीक है, बल्कि यह एकता और अनुशासन के एनसीसी मंत्र को साकार करते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित, सक्षम एवं आत्मविश्वासी युवा नेतृत्व के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम है।

# प्रयागराज में जनगणना की तैयारियां शुरू, 22 मई से 20 जून 2026 तक होगा प्रथम चरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद में जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर बुधवार को संगम सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने जनगणना कार्य को समयबद्ध और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी जनगणना-2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। इसके लिए मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी रूप से सतर्क रहने और सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए।बताया गया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 के बीच संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए तैनात किए जाने वाले मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की सूची पहले से डिजिटल रूप में तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि जनगणना के सीएमएम पोर्टल पर संबंधित अधिकारियों का डाटाबेस समय पर अपलोड किया जा सके।बैठक का संचालन और समन्वय अपर जिलाधिकारी




(वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी ने किया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय की टीम से सहायक निदेशक एवं जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव और सहायक जिला प्रभारी सोमनाथ गोस्वामी ने जनगणना-2027 को लेकर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुति दी।अधिकारियों ने बताया कि यह देश की 16वीं जनगणना होगी, जबकि स्वतंत्रता के बाद यह आठवीं जनगणना के रूप में दर्ज की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सहित सभी चार्ज अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे : डीएम

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय निगरानी समिति के सदस्यों के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिया कि समिति के सभी सदस्यों को एक-एक ग्राम आवंटित किया जाए, जिससे अब तक हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति का लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रथम एवं द्वितीय किस्त के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है अथवा जिनका भुगतान अवशेष है, उनका भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने समस्त सदस्यों को निर्देशित किया कि जब क्षेत्र में सत्यापन के लिये जाये तो सत्यापन के दौरान ग्रामवासियों से यह भी जानकारी ली जाए कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बिजली, पानी एवं शौचालय आदि का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं। यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित है तो उसे संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। अंत में परियोजना निदेशक ने समिति के सदस्यों से अपील की कि जिन अधिकारियों द्वारा आवंटित सत्यापन कार्य अभी शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कर फीडबैक उपलब्ध कराया जाए। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र लाभार्थियों का जॉब कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाए। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में बाबू शिवमूर्ति सिंह का अमूल्य योगदान : राकेश सिंह

**प्रतापगढ़।** लीलापुर इलाके के सड़वा दुबान साहबगंज स्थित बाबू संतबक्श ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संस्थापक बाबू शिवमूर्ति सिंह की पुण्य स्मृति में सदभावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुखपति डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि पूर्वजों का सम्मान करना हमारी भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है। उन्होने कहा कि बाबू शिवमूर्ति सिंह ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करूणेश महराज व संचालन अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, शिवम सिंह, शरद सिंह, आरके विश्वकर्मा, अमित सिंह समेत शिक्षण संस्थान के छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।

## आमने-सामने से टकराई बाइक, चार घायल



**पट्टी।** आमने-सामने हुई बाइकों की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ के सामने की है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार धुई गांव निवासी संदीप अपनी मां कलावती देवी के साथ बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान अमरगढ़ बाजार निवासी विंध्यवासिनी ट्रैवल्स के संचालक विजय शंकर तिवारी, अपने साथ पिंटू यादव पुत्र इन्द्रपाल यादव को लेकर किसी कार्य से प्रतापगढ़ जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइकें सीएचसी अमरगढ़ के सामने पहुंचीं, अचानक आमने-सामने की टक्कर हो गई।हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।चैकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है तथा मामले की जानकारी ली जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस ने अन्र्तजनपदीय इनामिया को किया गिरफ्तार




**पट्टी।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पट्टी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अन्र्तजनपदीय ईनामिया गैंगस्टर अभियुक्त को थाना पट्टी क्षेत्र अंतर्गत रसुलहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ तथा थाना पट्टी के प्रभारी निरीक्षक आनन्द पाल सिंह की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सौरभ सिंह उर्फ अश्विन सिंह पुत्र जयेन्द्र प्रताप सिंह, निवासी ग्राम धनगढ़ सराय छिवलहा, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पट्टी में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। वह काफी समय से वांछित चल रहा था।पुलिस के अनुसार अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध जनपद प्रतापगढ़ एवं जौनपुर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल आठ गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी के दौरान थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह के साथ हेड कांस्टेबल भानू प्रताप सिंह, कांस्टेबल शिवम राय, महिला कांस्टेबल गायत्री यादव, चालक कांस्टेबल सुनील सिंह शामिल रहे। वहीं थाना पट्टी से प्रभारी निरीक्षक आनन्द पाल सिंह के साथ उप निरीक्षक अजय कुमार अंचल, कांस्टेबल पंकज यादव, अभिषेक यादव एवं पंकज चैहान मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश दिवसभव्यता के साथ मनाये जाने की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक डीआरडीएध्नोडल अधिकारी दयाराम यादव की अध्यक्षता में विकास भवन के परियोजना निदेशक कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परियोजना निदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक भव्यता के साथ मनाया जायेगा। उन्होने तैयारियो को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की थीम ह्यह्यविकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत की योजनाओं से सम्बन्धितह्नह्न समस्त अधिकारी अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाये तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाये। योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम में लाभान्वित करायें, विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाये। इस दौरान विशेष स्वच्छता अभियान नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में चलाया जाये। उन्होने बताया कि 24 जनवरी को लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसका सजीव प्रसारण जनपद में किया जायेगा। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्र निर्माण में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका पर संगोष्ठी आज

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़इ ईकाई के आयोजकत्व में गुरुवार 22 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 2 बजे अपराह्न में जिला बार एसोसिएशन के सभागार में किया गया है। उक्त जानकारी परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल एडवोकेट ने देते हुए बताया कि उक्त अवसर पर राष्ट्र निर्माण में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी होगी। उक्त कार्यक्रम में अतिथिगण के रूप में डीजीसी क्रिमिनल योगेश शर्मा व जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह एवं महामंत्री रवीन्द्र सिंह मंटू की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता में परिषद के अध्यक्ष मनोज सिंह करेंगे।

### आपसी विवाद में मासूम सहित चार की पिटाई

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी कलावती ने बुधवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मंगलवार देर रात वह अपने घर पर बैठी थी, तभी पड़ोस के कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए आ गए और मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि बीच-बचाव करने आईं सुमन तथा मासूम बच्चों जारों और अमन को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना में चार लोगों के चोटिल होने की बात कही गई है।पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

### अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ दर्ज कराया केस

**बाबा बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी मोबीन ने दिलीपपुर पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि सोमवार की 8 बजे भतीजा मोहम्मद हफीज कोतवाली नगर क्षेत्र के चिलबिला कस्बे की एक मोबाइल दुकान पर मोबाइल रिपेयरिंग करने का काम करता है। सोमवार को बाइक से घर लौटते समय दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवनमऊ गांव के पास शराब के नशे में धुत एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने हफीज की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से हफीज का एक हाथ टूट गया और अंगुली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया । मंगलवार को मोबाइल मैकेनिक के चाचा मोबीन की तहरीर पर दिलीप पुर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### महिला से टप्पेबाजी के आरोप में दो पर केस

**लालगंज।** टप्पेबाजी कर महिला से नाक की कील ले जाने वाले आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना के नसीरपुर निवासी मो0 हासिम पुत्र हाफिज ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बीस जनवरी को खेत में काम करने गयी उसकी दादी मोमिन बानो की नाक की कील टप्पेबाज झांसा देकर लेकर चले गये। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## प्रधान ने स्वंय का जॉबकार्ड बनाकर मनरेगा से करा लिया भुगतान, शिकायत

**कुंडा।** बाबागंज विकासखंड में मनरेगा योजना में अजब गजब के कारनामे उजागर होते रहते हैं। प्रधान और पंचायत सचिव समेत विकासखंड के उच्चाधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगते रहते हैं।कई मामलों में मुकदमे भी लिखे जा चुके है। ऐसे में एक ताजा मामला सामने आया है जिसमें स्वयं ग्राम प्रधान ने अपने ही कार्यकाल के दौरान अपना ही जॉब कार्ड बनाकर बड़ा खेल कर दिया। बाबागंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धमोहन में भ्रष्टाचार का नया कारनामा देखने को मिला है।दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर ग्राम प्रधान शिवकली देवी पत्नी सरयू प्रसाद जो कि वर्तमान ग्राम प्रधान है वित्तीय वर्ष 2019 में उन्होंने पिछली पंचवर्षीय में अपना जॉब कार्ड बनवाया था।जिसके सहारे मनरेगा योजना में ग्राम पंचायत के विकास कार्य में काम करके भुगतान प्राप्त किया था।बाद इसके पंचायती चुनाव में प्रधान पद की उम्मीदवार रहकर विजय हासिल की परंतु अपना जॉब कार्ड नहीं बदला और अपनी प्रधानी कार्यकाल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में भी उसी जॉब कार्ड पर बगैर धरातलीय कार्य किए मनरेगा योजना की धनराशि का दुरुपयोग किया और अपने खाते में धनराशि को आहरित किया।बाद में जब मनरेगा के नियमों की जानकारी हुई तो प्रधान द्वारा चुपके से अपना जॉब कार्ड डिलीट करा दिया गया।मामले में ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, एपीओ, लेखाकार समेत अन्य अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। मामले में खंड विकास अधिकारी बाबागंज राजेंद्र नाथ पांडेय का कहना है कि ऐसे किसी भी प्रकार के प्रकरण की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।यदि ऐसा प्रकरण है तो मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी।उधर ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव संदीप कुमार का कहना है कि प्रकरण की जांच के पश्चात कार्यवाही की जाएगी।यदि मामला सत्य पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

## सीडीओ ने किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों की सुनी समस्यायें, समाधान के दिये निर्देश

### किसान दिवस आयोजन में सिंचाई, खाद और छुट्टा जानवरों के मुद्दों पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान बैठक में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा उपस्थित कृषकों एवं कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का अभिवादन किया गया तथा किसान दिवस आयोजन के उद्देश्य के संबध में कराया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में मौजूद कृषकों से समस्याओं एवं बहुमूल्य सुझाव की जानकारी ली गयी। किसान दिवस कार्यक्रम में अनन्त तोमर ग्राम जेठवारा विकास खण्ड लक्ष्मणपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि नहरों में माह नवम्बर से अभी तक पानी न आने से किसान परेशान है, जिसके संबध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पानी आपूर्ति कम होने के कारण नहरों में कम मात्रों में पानी छोड़ा गया है। प्रिन्स प्रजापति ग्राम-मण्डल भासौं विकास खण्ड-बिहार द्वारा बारो सहकारी समिति में खाद न मिलने की शिकायत की गयी है, जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं जिला कृषि अधिकारी को खाद उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रजापति कृषक द्वारा छुट्टा जानवरों की रोकथाम के लिए अनुरोध किया गया, जिससे फसलों का बचाव किया जा सके, जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह निर्देश दिये गये कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड में ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से छुट्टा जानवरों का पकड़वाकर उन्हे निर्धारित स्थलों पर रक्षित कराना सुनिश्चित करें।राम खेलावन पटेल ग्राम-धरौली विकासखण्ड-सण्डवा चन्द्रिका द्वारा अवगत कराया गया है कि धरौली में साधन सहकारी समिति में किसानों को मेम्बर नही बना रही है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को निर्देशित किया कि इच्छुक किसानों को मेम्बर बनाया जाये। उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित किसान भाइयों से फॉर्मर रजिस्ट्री करने हेतु जानकारी दी गयी, साथ ही कृषकों को अवगत कराया गया कि यदि उन्हे कभी भी किसी भी तरह की समस्या होती है तो वे उनके सी0यू0जी0 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित खाद्य विपणन अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला प्रबन्धक प्रधानमंत्री फसल बीमा, दुग्ध विकास प्रभारी अधिकारी सहित कृषक उपस्थित रहे।

## भव्य सनातन एकता शोभायात्रा में गूंजा जय श्रीराम

### छोटी काशी महोत्सव-2026 के तहत निकली सनातन एकता यात्रा



**पट्टी।** छोटी काशी परिवार एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छोटी काशी महोत्सव-2026 के अंतर्गत मंगलवार को पट्टी क्षेत्र के अशोकपुर में सनातन एकता यात्रा सह भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के पावन अवसर पर निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्व में पट्टी नगर स्थित डाक बंगले में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे छोटी काशी अशोकपुर से शोभायात्रा विधिवत रूप से प्रारंभ हुई। यात्रा में भगवा ध्वज लहराते रहे, धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी अंकित पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्रीराम हिंदुत्व के प्राण हैं और उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजित यह कार्यक्रम सनातन एकता को सशक्त एवं संगठित करने का संकल्प है।वहीं कार्यक्रम के विशेष सहयोगी एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नगेंद्र ने छोटी काशी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यकाल में यहां के विद्वानों की ख्याति दूर-दूर तक थी और आज यह भूमि सनातन धर्म की रक्षा व जागरण के लिए प्रेरणास्थल बन चुकी है।महोत्सव के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन पांडे ने जानकारी दी कि महोत्सव के दूसरे दिन सुंदरकांड पाठ, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर तथा माता जानकी प्रसादम्‌ का वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक सुरेंद्र पांडे एवं लल्लन पांडे, अध्यक्ष इंद्रजीत पांडे, उपाध्यक्ष अंकित पांडे, मीडिया प्रभारी राज पांडे, सचिव प्रभाकर पांडे, उपसचिव राजपति पाल, प्रचार मंत्री विवेक पांडे, महामंत्री आशुतोष पांडे, विधिक सलाहकार पवन पांडे, चंद्रशेखर पांडे, संजय पाण्डेय, शिव पाण्डेय, अंकित पाण्डेय (मोनू), रोशन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 24 को करेंगी जनसुनवाई

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा दिनांक 23 व 24 जनवरी को दो दिवसीय भ्रमण के दौरान जनपद प्रतापगढ़ आयेंगी। महिला आयोग की सदस्य 23 जनवरी को अपरान्ह 1.30 बजे मौर्य वेलफेयर सोसायटी परियांवा कुण्डा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी, सायंकाल 7 बजे गोपाल मन्दिर प्रतापगढ़ का दर्शन करेंगी व सायंकाल 8 बजे सुनील मौर्य के आवास पर रात्रि भोज में सम्मिलित होंगी।24 जनवरी को महिला आयोग की सदस्य प्रातः 8.30 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर एसआईआर पर चर्चा करेंगी। महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई करेंगी। ज्ञातव्य है कि पूर्व में दिनांक 19 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम में महिला आयोग की सदस्य की जनसुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित था जो किसी कारणवश जनसुनवाई स्थगित हो गयी थी, जिसके तहत नवीन जनसुनवाई कार्यक्रम 24 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे ब्लाक बाबा बेलखरनाथधाम में निर्धारित किया गया है। अपरान्ह 1 बजे शहनाई मैरिज हाल सगरा में जन नायक कपूर्री ठाकुर यूथ फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

### विशेष न्यायाधीश पाक्सो अदालत का फैसला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जनपद न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पारुल वर्मा ने अनुसूचित जाति की 7 वर्षीय पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने,उसे मारने पीटने के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 140000 (एक लाख चालीस हजार रुपए) के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थ दंड की राशि अंकन एक लाख चालीस हजार रुपया पीड़िता को उसके चिकित्सा एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा उसके पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाएगा। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने की। वादी मुकदमा ने 5 दिसम्बर 2024 को प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी बच्ची पीड़िता उम्र 7 वर्ष को सत्यम पाल ने बिना बजह मारा-पीटा तथा हाथ पैर में चुटकी भी काट लिया। न्यायालय में पीड़िता ने कथन किया कि सत्यम ने उसे प्राइवेट पार्ट पर चुटकी काटी थी। घटना के समय वह दुकान पर थी उस समय दुकान पर सिर्फ सत्यम था उसकी मम्मी किचन में खाना बना रही थी। मैं दुकान पर मौसी की बेटी के साथ खेल रही थी मौसी की बेटी मुझसे छोटी है जिस समय मैं खेल रही थी स्वेटर पजामी और चड्डी पहनी थी। उंगली कर दी जिससे उसके खून निकला और काफी दर्द हुआ चलने में भी दर्द हो रहा था। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों के माध्यम से 12 प्रदर्शो को साबित कराया गया। न्यायालय ने पीड़िता को उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष से नियमाअनुसार आर्थिक क्षतिपूर्ति पूर्ति प्रदान किए जाने का भी आदेश दिया है।

## जमीनी रंजिश में मारपीट, दो पर केस दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** जमीनी विवाद में सगे भाई व भतीजे ने मिलकर अपने ही परिवार के व्यक्ति को पीट पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । कंधई थाना क्षेत्र के मीरनपुर निवासी नाजिम अली के बेटे रईस अहमद ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे सगे भाई से कहासुनी हो रही थी, इसी दौरान भतीजे ने लाठी डंडा लेकर पहुंचा और हमला कर मारपीट करने लगा । आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने से मना करने पर उक्त लोगों द्वारा रईस अहमद को घसीटकर मारा-पीटा गया । मारपीट की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ। रईस अहमद की तहरीर पर कधंई पुलिस ने मीरनपुर के रियाज अहमद,अजहर के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** मानिकपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अध्यक्ष राम लखन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंदिर पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज और मंदिर से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रबंधक श्याम लाल विश्वकर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकता और संगठन की मजबूती ही प्रगति का आधार है। उन्होंने मंदिर के विकास, सामाजिक समरसता, युवाओं को शिक्षा व संस्कार से जोड़ने तथा समाजहित में सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में मंदिर के सुचारु संचालन, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता तथा आपसी सहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में मांधाता के खानीपुर निवासी शिक्षक सुनील दत्त विश्वकर्मा की मां के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामलाल विश्वकर्मा, विनोद गुरु, आचार्य जगदेव, फूलचंद, छेदीलाल, सत्येंद्र विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, भृगु कुमार सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। बैठक का समापन समाज की एकता और उन्नति के संकल्प के साथ किया गया।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस की ओर से बुधवार को स्थानीय बाजार में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा की अगुवाई में मिशन शक्ति टीम ने बाजार में महिलाओं को योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं से सम्बन्धित पर्चे बांटे। टीम ने 1090 व डॉयल 112 आदि टोल फ्री नम्बरों पर परेशानी में महिलाओं से पुलिस की मदद लेने के बाबत जानकारी बांटी। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा ने बताया कि थानों पर महिलाओं की समस्या के निदान के लिए अलग से काउण्टर बनाए गए हैं। जहां वे शिकायत कर सकती है। इस मौके पर महिला आरक्षी गुंजा सरोवर, श्वेता दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## मत्स्य पालन पट्टा शिविर सम्पन्न, 72 गांवों के लिए कुल 78 आवेदन मिले




**पट्टी।** उपजिलाधिकारी पूर्णेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में पट्टी तहसील सभागार में आयोजित दो दिवसीय मत्स्य पालन पट्टा शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर के दूसरे दिन शेष बचे 42 गांवों के तालाबों के सापेक्ष 51 लोगों ने मत्स्य पालन पट्टे के लिए आवेदन किया।तहसीलदार पवन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को शुरू हुए इस शिविर के पहले दिन 30 गांवों के लिए 27 आवेदन प्राप्त हुए थे। वहीं दूसरे दिन बुधवार को शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और 42 गांवों के तालाबों के लिए 51 आवेदन जमा किए गए।तहसील सभागार में आयोजित शिविर तहसीलदार पवन कुमार सिंह, आर.के. शाहिद हुसैन तथा क्षेत्रीय लेखपालों की मौजूदगी में बुधवार शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।बताया गया कि मत्स्य पालन के लिए तालाबों के पट्टे हेतु पहले ही सरकारी गजट में 72 गांवों के लिए निविदा प्रकाशित की जा चुकी थी। इनमें डेहरी, डेढ़ुआ, पूरे पांडे, इटवा, बीघा, दोहरी लखनूडीह, अकारीपुर, मोलनापुर, आसपुर देवसरा, गोदल पट्टी, घरहिया, उदई शाहपुर, करौंदहा विनैका सहित अन्य गांव शामिल हैं।तहसीलदार पवन सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के 72 गांवों के लिए लगाए गए इस दो दिवसीय शिविर में कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र ही मत्स्य पालन पट्टे की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# मुरी एक्सप्रेस ट्रेन में धुआं देख कर चलती ट्रेन से कूदे यात्री

**घबराहट में ट्रेन की खिड़की और दरवाजे से कूद कर यात्री बचाने लगे जान कई यात्री हुए चोटिल**

**ब्रेक शू से धुआं निकलने के बाद एक बार फिर रेलवे विभाग के ट्रेन के डिब्बे की मरम्मत करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं**



अखंड भारत संदेश

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह 10:50 पर अचानक संभल से जम्मू तवी जा रही मूरी एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए से धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई और जब तक पायलट ब्रेक लगाकर ट्रेन को सुजातपुर रेलवे स्टेशन पर रोकता उसके पहले ही घबराहट में यात्री ट्रेन की खिड़की और दरवाजे से कूद कर जान बचाने लगे ट्रेन के पहिए से धुआं उठता देखकर पायलट ने सुजातपुर स्टेशन पर ट्रेन रोक दी है उसके बाद तकनीकी टीम रेलवे कर्मचारियों पोर्टल केश लाल नन्हे अली व सफाई कर्मचारी मुलायम सिंह ने फायर सेफ्टी मशीन की मदद से आग पर काबू पाया है स्टेशन मास्टर प्रकाश चंद्र यादव ने ट्रेन के पहिए में आग लगने की बात को स्वीकार किया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली जा रही मूरी एक्सप्रेस में अचानक सुजातपुर स्टेशन के पास धुआं निकलने लगा और धुआं निकलते देख यात्रियों में भगदड़ मच गई और चलती ट्रेन में खिड़की और दरवाजे से यात्री ट्रेन से नीचे कूद कर जान बचाने लगे इस घटना में कई यात्रियों को चोट आई हैं लेकिन रेलवे विभाग यात्रियों को चोट खाने की पुष्टि नहीं कर रहा है ट्रेन रुकने के बाद मौके पर तकनीकी टीम रेलवे कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी मशीन की मदद से आग पर काबू पा लिया है जांच टीम ने बताया कि ब्रेक शू से धुआं निकल रहा था जिसे तकनीकी टीम ने जांच के बाद ठीक कर दिया है घटना बुधवार की सुबह 10:50 बजे की हैं 45 मिनट तक स्टेशन में ट्रेन खड़ी रही उसके बाद 11:35 पर ट्रेन को रवाना किया गया है ब्रेक शू से धुआं निकलने के बाद एक बार फिर रेलवे विभाग के ट्रेन के डिब्बे की मरम्मत करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि यदि ट्रेन के डिब्बो की सही सलामत मरम्मत हुई थी तो आखिर कैसे ब्रेक शू से धुआं निकलते लगा है।

## ताला तोड़कर लोडर गाड़ी से भैंस उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के शाखा गांव के मजरा गुरु का पुरवा निवासी नथन लाल तिवारी के घर 20 जनवरी को कुछ लोग भैंस खरीदने आए थे लेकिन भैंस का सौदा तय नहीं हुआ जिससे उन्होंने भैंस की बिक्री नही की बीती रात अपने घर में भैंस को अंदर बंद करके उन्होंने बाहर से ताला लगा लिया आधी रात को 11 बजे ताला तोड़ने की आवाज सुनकर उनकी पत्नी जागी और बाहर देखा तो एक लोडर गाड़ी खड़ी थी लेकिन जब घर से बाहर निकलने का प्रयास परिजनों ने किया तो देखा कि उनके रहने वाले घर में बाहर से दरवाजा बंद था जिससे परिवार के लोग रात में घर के बाहर नहीं निकल सके जब सुबह परिवार के लोग घर से बाहर निकले तो देखा की भैंस के घर का ताला टूटा हुआ है और घर से भैंस गायब है भैस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य दिन में मुखबिरी करते हैं और रात में लोडर गाड़ी से भैंस की चोरी करते हैं भैंस की चोरी करने के मामले में करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के लोग बीते 20 वर्षों से भैंस चोरी के धंधे को अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस के लंबे हाथ भैंस चोरी करने वाले गिरोह तक नहीं पहुंच सके हैं पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी है।

# अधिशासी अधिकारी चरवा एवं पश्चिम शरीरा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को एन.आई.सी सभागार में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य लम्बित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारियों को माह फरवरी तक सभी कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी में 31 कार्य लम्बित पाए जाने पर अवर अभियंता को निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने एवं अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर को प्रत्येक सप्ताह निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल, शौचालय एवं टाईलीकरण आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत चरवा एवं पश्चिम शरीरा में कराए जा रहें कायी की समीक्षा के दौरान कार्यों में प्रगति न पाए जाने एवं कार्य में रूचि न लेने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी चरवा एवं पश्चिम शरीरा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने 15वॉ वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोद्य योजना तथा सीवरेज व जल निकासी योजना के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की निकायवार समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण करने, मौके पर भ्रमण करने एवं लापरवाह ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्हांने कहा कि इंटरलॉकिंग के कार्यों में स्ट्रेन्थ की जॉच अवश्य किया जाय तथा नालियों के निर्माण कार्य में उपयुक्त स्थान पर ड्रेन कवर अवश्य लगा हो, ताकि सफाई कार्य आसानी से हो सकें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियां को वेन्डिंग जोन बनवाने के भी निर्देश दिए बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

**जिलाधिकारी ने की नगर-निकायों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा**




# खुलेआम घूम रहे हैं दलित नाबालिक बालिका को भगाने वाले आरोपी

**25 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने ना तो बालिका को बरामद किया ना आरोपी की गिरफ्तारी की**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र से 25 दिन पहले एक दलित नाबालिक बालिका उम्र लगभग 15 वर्ष को गांव के दो युवक भगा ले गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन एक युवक खुले आम क्षेत्र में घूम रहा है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी नहीं कर रही है जबकि क्षेत्र में घूमने वाले युवक के विरुद्ध थाना में मुकदमा दर्ज है आखिर बालिका को भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद क्षेत्र में कैसे खुलेआम घूम रहा है और पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है बालिका को भगाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद क्षेत्र में खुलेआम घूमने के चलते थाना पुलिस की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से 27 दिसंबर को एक दलित नाबालिक बालिका उम्र लगभग 15 वर्ष को गांव के सचिन व शोभित भगा ले गए मामले की सूचना बालिका के परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को दिया जिस पर थाना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 259 सन 2025 दर्ज कर लिया है घटना को धीरे-धीरे 25 दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक बालिका को खोजने में रत्ती भर थाना पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है बालिका के बरामद ना होने से परिवार के लोग परेशान है और पुलिस अधीक्षक की चौखट पर भी गुहार लगा चुके हैं आईजीआरएस में भी फरियाद कर चुके हैं थाना पुलिस की लापरवाही का आलम यह है कि घटना में शोभित के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद शोभित खुलेआम क्षेत्र में घूम रहा है इलाके में रह रहा है और थाना पुलिस के बारे में ऊल जुलूल की बातें कर रहा है लेकिन उसके बाद मुकदमे के आरोपी शोभित को गिरफ्तार कर बालिका को खोजने का प्रयास 25 दिन बीत जाने के बाद भी थाना पुलिस नहीं कर रही है जिससे थाना पुलिस की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है 25 दिन बीत जाने के बाद दलित बालिका के ना बरामद होने से परिवार के लोग परेशान है और मामले को लेकर आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से कई बार शिकायत कर चुके है एसपी कार्यालय में भी कई बार फरियाद कर चुके हैं लेकिन खुलेआम घूमने वाले शोभित को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद करने का प्रयास थाना पुलिस नहीं कर रही है आखिर आरोपी शोभित ने थाना पुलिस पर कौन सा दबाव बनाया है जिससे थाना पुलिस दबाव में काम कर रही है यह बड़ी जांच का विषय है।

# टीवीएस बाइक की नई गाड़ी एनटॉर्क 150 की हुई लॉन्चिंग





**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के रसूलपुर गिरसा स्थित बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी के शोरूम पर 19 जनवरी को नई गाड़ी एनटॉर्क 150 की लॉन्चिंग शैलेश मिश्रा सलाहकार संपादक भारत समाचार टीवी के कर कमलो द्वारा की गई इस मौके पर एजेंसी मालिक कर्मचारी सहित तमाम ग्राहक मौजूद रहे जिन्होंने टीवीएस कंपनी की नई बाइक को बहुत पसंद किया। टीवीएस एनटॉर्क 150 की खूबियों में इसका स्पोर्टी डिज़ाइन, दमदार 149.7 इंजन, और सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स जैसे 5-इंच शामिल हैं डिस्प्ले स्मार्टएक्सोनेक्ट के साथ एलेक्सा इंटीग्रेशन, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, ट्रैक्शन कंट्रोल, दो राइड मोड (स्ट्रीट और रेस और एडजस्टेबल ब्रेक लीवर शामिल हैं, जो इसे

## सभी बाइक और स्कूटी खरीद पर उपभोक्ता को भारी छूट और पुरस्कार दिए गए

टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस के मामले में टॉप पर रखते हैं। यह स्कूटर पावर, स्टाइल और फीचर्स का एक बेहतरीन पैकेज है, जो रोज़मर्रा के इस्तेमाल और वीकेंड राइड्स दोनों के लिए मज़ेदार है। कनेक्टिविटी और टेक्नोलॉजी 5-इंच डिस्प्ले: गेमिंग कंसोल जैसा दिखने वाला, ब्राइटनेस एडजस्टमेंट और नाइट/डे मोड के साथ आता है।टीवीएस स्मार्ट एक्स ओनेक्ट ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, एलेक्सा वॉयस टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन कॉल मैसेज अलर्ट, म्यूजिक कंट्रोल की बेहतर सुविधाएं मौजूद हैं ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट्स मिलते हैं।परफॉर्मेंस और शक्तिशाली इंजन: 149.7, एयर-कूल्ड इंजन 13.2 हर पावर और 14.2 टे टॉर्क देता है, जो सेगमेंट में बेस्ट है। 0-60 किमी/घंटा: सिर्फ 6.3 सेकंड में ग्राहकों को मिल रहा है राइड मोड्स: स्ट्रीट बेहतर माइलेज के लिए और रेस तेज़ एक्सेलेरेशन के लिए मोड या सुरक्षा और हैंडलिंग मौजूद है ट्रैक्शन कंट्रोल की सुविधा उपलब्ध है फिसलन भरी सड़कों पर बेहतर पकड़ के लिए सेगमेंट में पहली बार सिंगल-चैनल अइरः बेहतर ब्रेकिंग के लिए उपलब्ध है पैनिक ब्रेकिंग अलर्टः अचानक ब्रेक लगाने पर अलर्ट की सुविधा ग्राहकों को विशेष पसंद है एडजस्टेबल ब्रेक लीवर सेगमेंट में पहली बार कंपनी ने पेश किया है इस मौके पर सभी बाइक और स्कूटी खरीद पर उपभोक्ता को भारी छूट और पुरस्कार दिए गए है कार्यक्रम के अवसर पर बाबा टीवीएस के मालिक अमित केसरवानी कपिल केसरवानी और जिला पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर लालचंद्र केसरवानी सुरेश चंद्र केसरवानी अंकुर शुक्ला दीपक पांडे देवेंद्र केसरवानी अमित वर्मा, अमर कुशवाहा, अक्षय केसरवानी पीयूष वर्मा, नितिन केसरवानी सचिन पांडे अनुज केसरवानी अंबुज केसरवानी धीरज केसरवानी अरुण कुमार पटेल बच्चा केसरवानी कासिफ उमेश यादव दिव्य प्रकाश सहित और भी लोग व एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### एलआईसी में मेड मिलियन वर्ष यानी अत्यधिक व्यापार दिवस के रूप में मनाया गया वषर्गांठ



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी में भारतीय जीवन बीमा निगम में मेड मिलियन वषर्गांठ दिवस पर केक काट कर जश्न मनाया गया 'इस अवसर पर ऑफिस के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सहित तमाम अधिकारी एवं कमर्चारी वा अभिकर्ता मौजूद थे भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय भरवारी में मेड मिलियन वषर्गांठ दिवस यानी अत्यधिक व्यापार वषर्गांठ बुधवार को बहुत ही उल्लास पूर्वक केक काट कर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनोज सक्सेना द्वारा मनाया गया' इस अवसर पर सभी ने मनोज सक्सेना को केक खिलाकर उनका स्वागत किया। वहीं दूसरी तरफ अभिकर्ताओं ने भी केक काटकर एक दूसरे को खिलाया तथा जश्न मनाया 'यहां यह बताना अति आवश्यक है कि जबसे वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनोज सक्सेना का आगमन हुआ है तभी से उनका एक ही लक्ष्य था कि भरवारी शाखा में व्यापार को और गति प्रदान किया जाए जिसके लिए उन्होंने प्रथम दिन से ही संकल्प लिया था कि भरवारी का व्यापार सबसे अच्छा हो और उनकी कड़ी मेहनत ने रंग दिखाते हुए सफलता हासिल की जिसके चलते आज मेड मिलियन वर्ष यानी अत्यधिक व्यापार दिवस के रूप में मनाया गया 'इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनोज सक्सेना के अलावा सहायक प्रशासनिक अधिकारी हरि प्रकाश शर्मा सहित समस्त अधिकारी एवं कमलेश केशरवानी सुधीर केशरवानी धारा सिंह यादव कन्हैया लाल प्रजापति आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर मजदूर ने किया आत्महत्या



**कौशांबी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड 24 संत कबीर नगर ओसा निवासी लवकुश रैदास पुत्र राम नरेश रैदास ने बुधवार की शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है आकस्मिक निधन से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है बताया जा रहा है कि लवकुश ने घर पर ही फांसी लगा ली है परिजनों को जानकारी होने पर तुरंत जिला अस्पताल ले गए जहा कुछ देर बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।जानकारी होने पर आयवीर सभासद प्रतिनिधि वार्ड 24 संत कबीर नगर ओसा जिला अस्पताल पहुंच कर परिजनों को समझा बुझा पंचनामा भरवा पोस्टमार्डम के लिए भेजवाया।परिजन पोस्ट मार्टम को मना कर रहे थे।

### विश्वनाथ प्रसाद पीजी महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कौशांबी** विश्वनाथ प्रसाद पीजी महाविद्यालय भिखना पुर मूरतगंज में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 21 जनवरी 2026 को प्रारंभ हुआ बुधवार को 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ गोला फेक भाला फेंक वा खो खो खेल का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गुरुवार को गर्ल्स और बॉयस के बीच वालीबाल और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा शुक्रवार को विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट का आयोजन किया जाएगा विद्यालय में खेल के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों में महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज अलामचंद, गुलाब देवी इंटर कॉलेज बजहा, मानसिंह इंटर कॉलेज जीटी रोड बजहाँ,गया प्रसाद केसरवानी इंटर कॉलेज शेरगढ़,एवं एन डी कॉन्वेंट इंटर कॉलेज नसीरपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर हरविंदर सिंह तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश जायसवाल एवं प्रबंधक रामबाबू केसरवानी तथा महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद केशरवानी, संचालक हरिओम केसरवानी हर्षित केसरवानी एवं जयप्रकाश सिंह सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर महिला को पिता-पुत्र ने पीटा

**कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के बरीपुर गांव निवासी गुड़िया देवी पत्नी राम प्रकाश के खेत के बगल में गांव के नथन ने नीम बरगद बाबुल के पेड़ लगा दिए हैं पेड़ बड़ा होने पर उसकी डाल महिला के खेत पर पहुंच गई जिससे महिला के खेत की फसल खराब हो रही है महिला ने पेड़ की डाल काटने के लिए नथन से कहा जिस पर 20 जनवरी को महिला के घर पर नथन अपने पुत्र रवि के साथ पहुंचा और महिला को जमकर गाली गलौज किया है दूसरे दिन 21 जनवरी की सुबह फिर महिला के घर में दबंग नथन अपने बेटे रवि को लेकर पहुंचा और महिला के साथ गाली गलौज करते हुए लाल जूते से मारपीट किया है मामले की सूचना अझुवा चौकी पुलिस को दी गई है।

# तीन दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और तीन दिन निजी नर्सिंग होम में ड्यूटी देते हैं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी

अखंड भारत संदेश



**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा का भवन जर्जर पन्नी डालकर मरीजों को दी जा रही सुविधा**

**नेवादा कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में तैनात डाक्टर मनोज चौरसिया 3 दिन सरकारी अस्पताल में ड्यूटी रहती हैं और 3 दिन वह निजी नर्सिंग होम में ड्यूटी देते हैं और जिस तीन दिन वह सरकारी अस्पताल में मौजूद होते हैं उसमें भी 4 घंटे बाद सरकारी अस्पताल छोड़कर निजी नर्सिंग होम पहुंच जाते हैं जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा की स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो गई है मरीज इलाज के लिए परेशान है प्रसव पीड़िताओं की सुविधाजनक तरीके से प्रसव नहीं हो रहे हैं नर्स मनमानी कर रही हैं डॉक्टर की लापरवाही के चलते मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है डॉक्टर की मौजूदगी ना होने से स्वास्थ्य कमी भी बेलगाम है अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों से डॉक्टर और कमी अभद्रता का व्यवहार कर रहे हैं गौर तलब है कि 19 जनवरी को डिप्टी सीएमओ ने नेवादा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया था जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मनोज चौरसिया मौके पर मौजूद नहीं थे लेकिन उसके बाद अभी तक गायब रहने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पर सीएमओ कार्यालय से कोई कार्यवाही नहीं हुई है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में डॉक्टर के मौजूद न रहने से मरीजों का विश्वास सरकारी अस्पताल से खत्म होता जा रहा है जिससे सरकारी अस्पताल में दिनों दिन मरीजों की संख्या कम हो रही हैं और निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने के लिए मरीज मजबूर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा के भवन की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मरीज को सुविधा देने के नाम पर छत में प्लास्टिक की पन्नी डाल दी गई है जिससे ठंड आती है मरीज परेशान है पानी बरसने पर अंदर पानी आता है आखिर कुछ वर्षो पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा के भवन का मरम्मत कराया गया था मरम्मत की रकम कहां खर्च हो गई है कि अस्पताल की छत में स्वास्थ्य विभाग को प्लास्टिक की पन्नी डालकर अस्पताल की व्यवस्था संचालित करना पड़ रहा है अंधेरगदी की हद तो तब हो गई जब 4 घंटे 3 दिन ड्यूटी देकर बाकी समय सरकारी अस्पताल से गायब रहने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मनोज चौरसिया के कारनामे को अभी तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर स्वास्थ्य महानिदेशक ने संज्ञान लेकर लापरवाह डॉक्टर पर कठोर कार्रवाई करते हुए इन्हें निलंबित नहीं किया है आखिर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था कब सुधारी जाएगी जनता इस बात का जवाब शासन प्रशासन से चाहती है लेकिन कोई भी जवाब देने वाला सामने दिखाई नहीं पड़ रहा है इलाके के लोगों ने लापरवाह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निलंबित कर दूसरे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की तैनाती की मांग की है।

## थानेदार बनकर पीड़ितों से वसूली करने वाले 3 लोगों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अझुवा कौशांबी** मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़ित परिवार से थानेदार बनकर वसूली करने वाले गैंग के सदस्यों को सैनी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक दिनांक 24.12.2025 को थाना सैनी पर सुनील कुमार पुत्र राम सिंह निवासी बनपुरवा मजरा केन थाना सैनी ने सूचना दी कि अभियुक्त द्वारा चकमा देकर धोखाधड़ी पूर्वक अपने को थानेदार बताकर लड़की बरामद कराने के बदले में ऑनलाइन 50,000/- रुपये डलवाकर ठगी कर ली गयी है थाना सैनी पर मु0अ0सं0 427/25 धारा 318(4)/ 319(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु साइबर थाने को निर्देशित किया गया था।इसी क्रम में साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा मोबाइल सर्विलांस तकनीकी इलेक्ट्रानिक संसाधनों का प्रयोग कर पर्याप्त साक्ष्य संकलित कर धारा 66डी आईटी एक्ट की बढ़ोत्तरी की घटना का अनावरण कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 21.01.2026 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों दीपेन्द्र यादव पुत्र संतोष कुमार निवासी बस स्टैण्ड कटेरा थाना कटेरा जनपद झांसी वा प्रदीप कुमार पुत्र रतिराम निवासी खोरियाना का खिरक थाना कटेरा जनपद झांसी वा अजय कुमार पुत्र रामचरन निवासी मोरियाना का खिरक थाना कटेरा जनपद झांसी को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं। उल्लेखनीय है कि अभियुक्तों के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर भी ऑनलाइन फ्राड़ के सम्बन्ध में दो शिकायतें दर्ज कराई गई हैं अभियुक्तों ने गहन पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग यूपीकॉप एप के माध्यम से एफआईआर डाउनलोड करते है, फिर एफआईआर में हम लोग देखते है कि किस एफआईआर में लड़की या लड़के के गुम होने का मामला है और फिर पीडित का नाम पता निकालते है तत्पश्चात पीड़ित व्यक्ति के घर वालों से सम्पर्क करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की वेबसाइट से ग्राम प्रधान अथवा ग्राम सचिव का नाम व मोबाइल नम्बर लेकर उनसे पुलिस अधिकारी बनकर फोन करते है कि आपके गांव के फला नाम की लड़की गुम हुई थी जो मिल गयी है, और उन्ही के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को गुमराह कर खर्चे के नाम पर,फजी तरीके से खुलवाये गये विभिन्न बैंक के खातों में ऑनलाइन रूपये मंगाते हैं। इस मामले में भी हम लोगों ने कौशाम्बी जिला के थाना सैनी का एफआईआर निकालकर ग्राम प्रधान का नम्बर सरकारी वेबसाइट से निकालकर फोन करके पीड़ित व्यक्ति को गुमराह कर 50,000/- रुपये बैंक खाते में डलवाये थें पूछताछ में यह भी बताया कि हम लोग अन्य राज्यों से भी विभिन्न एप से एफआईआर निकालकर पीड़ितों से पैसा मंगवाते हैं। इसी प्रकार फजी पुलिस सीबीआई अधिकारी बनकर लोगो को अश्लील वीडियो देखने का डर दिखाकर जेल भेजने की धमकी देकर तथा मोबाइल नम्बर को लकी विजेता घोषित कर इनाम का लालच देकर खातों में पैसे मंगवा लेते हैं।

# जीएसटी चोरी कर रोज उतारा जा रहा है दुकान पर लाखों का माल



**कौशांबी** मंझनपुर मुख्यालय के बड़ा शिवाला के पास एक बड़ी दुकान में जीएसटी चोरी का माल खुलेआम ग्राहकों को बेचा जा रहा है दुकान में जीएसटी चोरी का लाखों रुपए का सामान रोज उतारा जा रहा है लेकिन जीएसटी विभाग के अधिकारी से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी अंजान बने हुए हैं दुकान में माल उतारने के समय वाहनों की स्थिति यह है कि 10 फीट चौड़ी गली में वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे गली में जाम लग जाता है और आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और जब किसी वाहन स्वामी ने माल उतारने वाले वाहन चालक से वाहन को दूसरी तरफ हटाने के लिए कहा तो ना तो वाहन चालक सड़क से वाहन को हटाने को तैयार होता है ना दुकान मालिक माल उतारने वाले वाहन को किनारे करके अन्य वाहनों को रास्ता दिलाते हैं जिससे अन्य वाहन चालकों में भी आक्रोश व्याप्त है 10 फीट चौड़ी इस गली सड़क में वाहनों से दुकान में प्रतिदिन सामान उतारने के समय गली की सड़क में वाहन को खड़ा करके जाम लगा दिया जाता है यह प्रतिदिन की स्थिति बन गई है लेकिन यदि कोई विरोध करता है तो उसके साथ अभद्रता करने पर वाहन चालक और दुकानदार उतावले हो जाते हैं जिससे मजबूर नगर वासी दुकानदार के आतंक और उसके वाहन चालकों के आतंक से परेशान हैं लोगों ने पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जीएसटी चोरी कर व्यापार करने वाले व्यापारी और सड़क पर वाहन खड़ा कर सामान उतारने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की मांग की है बुधवार को फिर सड़क पर वाहन खड़ा करके दुकान के समान उतारा जा रहा था इसी बीच विद्यालय के विद्यार्थियों को लेकर स्कूल बैन पहुंच गई और जब स्कूल वाहन के चालक ने माल उतारने वाले वाहन चालक से वाहन को सड़क से आगे हटाने के लिए कहा तो उसने साफ तौर पर इंकार कर दिया है कि दुकान में सामान उतारने के बाद ही वाहन को सड़क से हटाएगा माल उतारने वाले वाहन चालक का कहना था कि जाम लगता है तो लगने दो उसकी इस तानाशाही से जाम में फंसे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की उपस्थिति किया जाए सुनिश्चित : डीएम

**जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि शासन में पत्राचार कर मांग कर लिया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाय तथा नॉट रिपीटेड प्रसव पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने आभा आई.डी. बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरसवां, कड़ा व नेवादा में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर सम्बन्धित बी.सी.पी.एम. का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से एच.आर.पी. महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाय। एच.आर.पी. महिलाओं की प्रतिदिन मॉनीटरिंग किया जाय। एम.एम.आर. एवं आई.एम.आर. को शून्य किया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को एच.आर.पी. का एस.ओ.पी. बनाने के निर्देश दिए। उन्हांने आर.बी.एस.के. टीम से कहा कि गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जाय कि वे आयरन कैल्शियम की टेबलेट अवश्य खाएं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं सी.एम.एस. डॉ. सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### पतंगबाजी में मगन सरकार

**असम** के कालियाबोर में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र नगरीय निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस पर एक बेहूदा टिप्पणी की। इन चुनावों में भाजपा ने कई निगमों पर अपना कब्जा जमाया है और सबसे बड़ी जीत तो बृहन्नमुंबई नगरपालिका में मिली है, जहां भाजपा ने शिवसेना को पीछे कर दिया है। लेकिन महाराष्ट्र के चुनावों में कांग्रेस को चौथा स्थान मिला है, जिस पर अपनी जीत का घमंड दिखाते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस का जन्म 1885 में मुंबई में हुआ था, लेकिन फिर भी वह अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण पहले स्थान पर नहीं आ पाई। कांग्रेस ने देश का भरोसा खो दिया है क्योंकि उसके पास कोई विकास का एजेंडा नहीं है। महाराष्ट्र में जहां कांग्रेस ने सालों तक शासन किया, कांग्रेस पूरी तरह खत्म हो गई है।

असम चुनावों में महाराष्ट्र के नगरीय निकाय चुनावों का जिक्र कर और उसमें भी कांग्रेस की हार पर टिप्पणी कर प्रधानमंत्री मोदी क्या हासिल करना चाहते हैं, यह समझना कठिन नहीं है। दरअसल उनकी सबसे बड़ी कुंठा ही यही है कि वे कांग्रेस को खत्म नहीं कर पा रहे हैं। नेहरूजी से लेकर राहुल गांधी तक के लिए तमाम अपमानजनक और अक्सर झूठी बातें कहने के बावजूद गांधी परिवार को धर्मनिरपेक्ष राजनीति से डिगा पाने में नरेन्द्र मोदी असफल रहे हैं, इसलिए उन्हें चुनावी जीत के बावजूद खुशी नहीं मिल पा रही।

यूं भी नरेन्द्र मोदी चुनाव दर चुनाव जीतने के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों को कहां पूरा कर पा रहे हैं, उनकी जगह राहुल गांधी ही पीड़ितों के आंसू पोंछते नजर आते हैं। अभी इंदौर में ही कम से कम 24 लोगों की मौत गंदा पानी पीने से हो गई। इसमें लोगों की नहीं सरकार की गलती है, जो लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया नहीं करा पाई। अब भी कई लोग इसी वजह से अस्पताल में भर्ती हैं। लेकिन भाजपा अपनी गलती मानने की जगह मामले को किस तरह दबाने में लगी है, इसकी कई खबरें बाहर आ चुकी हैं।

मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है और इंदौर नगरनिगम पर भी भाजपा का ही कब्जा है। और इसके लिए भी भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी को ही श्रेय देते हैं। जैसे रविवार के कई अखबारों में मुंबई में जीत का श्रेय नरेन्द्र मोदी को देने वाले विज्ञापन एकनाथ शिंदे ने छपवाए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने भी मोदी के नेतृत्व को ही जीत का श्रेय दिया है। लेकिन क्या मोदी की भूमिका यहीं तक सीमित है कि वे भाजपा को किसी भी तरह से जीत दिलाएं और उसके बाद हारे हुए दलों पर नकारात्मक टिप्पणी करें। क्यों नरेन्द्र मोदी को अब तक फुर्सत नहीं मिली कि वे एक बार कुछ घंटों के लिए ही इंदौर चले जाते। वहां भी राहुल गांधी ही पहुंचे।

राहुल गांधी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर लिखा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार का नया स्मार्ट सिटी मॉडल। पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर, और, जवाब मांगो तो चलेगा बुलडोजर! कुछ इस तरह इस मॉडल में गरीबों की मौतों के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं होता। सरकार अभी उनकी लापरवाही से हुई इंदौर की त्रासदी की जवाबदेही ले- दोषियों को सजा और पीड़ितों को अच्छा इलाज और मुआवजा जल्द से जल्द दिलाए।

# मोदी ओवैसी का हिन्दू मुस्लिम खेल धर्मनिरपेक्ष दलों को खत्म करने के लिए

— शकील अख्तर

**इस** राजनीति को ओवैसी नहीं रोक पाएंगे। इसे देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ही रोक पाएगा और कांग्रेस कभी भी किसी एक धर्म की जाति की पार्टी नहीं हो सकती। आजादी के आंदोलन से निकली पार्टी है उसे चाहे जितना संघर्ष करना पड़े वह जात-पात से ऊपर उठी पार्टी ही बनी रहेगी। जिसे आजकल की भाषा में कहते हैं डीएनए, वह ही ऐसा है कि कोई चाहे तो भी पार्टी का स्वभाव बदल नहीं सकता।

बिहार विधानसभा के बाद महाराष्ट्र स्थानीय निकायों के चुनाव खतरे की आखिरी घंटी है। अगर मुस्लिम नहीं समझे तो बंगाल में जिसे वे अपना कायद (नेता) मान रहे हैं उन ओवैसी की सरकार तो नहीं बन पाएगी मगर एक धर्मनिरपेक्ष सरकार जरूर खतरे में पड़ जाएगी और बीजेपी की सीटें वहां बढ़ जाएंगी। बिहार में भी बढ़ीं महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनावों में भी बढ़ीं। और दोनों जगह नुकसान धर्मनिरपेक्ष पार्टियों का हुआ।

देश में धर्मनिरपेक्ष राजनीति की जरूरत हिन्दू को भी है मुस्लिम को भी। मगर किसी भी देश में वह अल्पसंख्यक को ज्यादा होती है। भारत में मुस्लिम को ज्यादा है। बांग्लादेश में हिन्दू को। पाकिस्तान में जो मुस्लिम-हिन्दू राजनीति वजह से बरबाद हो गया वहां दोनों को। क्योंकि एक हद के बाहर यह धर्म की राजनीति दोनों को मारने लगती है और फिर बहुसंख्यक को ज्यादा। पाकिस्तान में यही होने लगा है। अल्पसंख्यक को जितना नुकसान होना था हो चुका है। अब बहुसंख्यक मुस्लिम ही मजहब की राजनीति का नुकसान उठा रहा है। तरक्की की दौड़ में पिछड़ कर।

पाकिस्तान जैसी स्थिति से बचने के लिए हिन्दुओं का बड़ा वर्ग सचेत है। प्रधानमंत्री मोदी का वोट 37 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उसे पचास से ऊपर ले जाने के लिए उन्हें हिन्दुओं को और उग्र करने की जरूरत है। जो वे अपने तमाम शमशान, कब्रिस्तान, होली, दीवाली, ईद, मंगल सूत्र छीन लेंगे, यहां तक कि लड़की उठा ले जाएंगे जैसे भाषणों के बाद भी हासिल नहीं कर पा रहे हैं। अब उसके लिए उन्होंने एक नया तरीका ढूंढा है। मुस्लिमों के ध्रुवीकरण का। मुस्लिम अगर एक झंडे के नीचे दिखेंगे तो हिन्दुओं को यह बताने में आसानी होगी कि देखो वे एक साथ हैं तुम भी एक साथ आओ।

अपने दम पर भीड़ इक्ट्ठी करने की एक सीमा होती है। मोदी उस सीमा तक पहुंच चुके हैं। अब उससे आगे लोगों को इक्ट्ठा करने के लिए उन्हें डर दिखाने की जरूरत है। वह देखो सब ओवैसी के साथ जा रहे हैं। तुम मेरे साथ आओ। हिन्दू राजनीति मुस्लिम राजनीति। धर्मनिरपेक्ष दलों को खत्म करने की साजिश। बीजेपी हिन्दू पार्टी बन सकती है। बन ही गई है। केन्द्र सरकार से जो एक दो थे वे मुस्लिम मंत्री हटा दिए हैं। लोकसभा विधानसभाओं में टिकट देना बंद कर दिए हैं। उनके कई बड़े नेता मंत्री कहने लगे हैं कि हमें मुस्लिम के वोट नहीं चाहिए। अब तो यहां तक भी कहा जाने लगा है कि अपने काम के लिए भी हमारे पास नहीं आएं। कहने वाले मंत्री विधायक सांसद हैं। जो संविधान की या अपनी धार्मिक आस्था की शपथ लिए हुए हैं कि वे बिना किसी भेदभाव के काम करेंगे।

इस राजनीति को ओवैसी नहीं रोक पाएंगे। इसे देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ही रोक पाएगा और कांग्रेस कभी भी किसी एक धर्म की जाति की पार्टी नहीं हो सकती। आजादी के आंदोलन से निकली पार्टी है उसे चाहे जितना संघर्ष करना पड़े वह जात-पात से ऊपर उठी पार्टी ही बनी रहेगी। जिसे आजकल की भाषा में कहते हैं डीएनए, वह ही ऐसा है कि कोई चाहे तो भी पार्टी का स्वभाव बदल नहीं सकता।

मोदी को सबसे ज्यादा परेशानी ही कांग्रेस से है। प्रधानमंत्री बनते ही कांग्रेस मुक्त भारत



का नारा दिया था। एआईएमआईएम मुक्त भारत का क्यों नहीं? यह ओवैसी की पार्टी है। जिसका नाम ही है मुस्लिम एकता की पार्टी। आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमिन ( एआईएमआईएम)। विरोध तो मुस्लिम का करते हैं। एक हजार साल पहले के इतिहास में जाकर कहते हैं कि आज भी वे लोग मौजूद हैं। और उनके सुरक्षा सलाहकार डोभाल तो बदला लेने की बात कहते हैं। मगर मुस्लिम पार्टी को बढ़ावा देते हैं। उसके अध्यक्ष ओवैसी को विदेशों में भेजते हैं भारत का पक्ष रखने के लिए।

सब साफ दीवार पर मोटे-मोटे हर्फों (अक्षरों) में लिखा दिख रहा है मगर मुस्लिमों के एक बड़े हिस्से के आंखों पर भी पट्टी बंध गई है जो यह नहीं देख पा रहा कि मोदी और ओवैसी दोनों की राजनीति एक है। एक हिन्दू की करेगा एक मुस्लिम की। धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को खत्म करने की कोशिश।

यह व्यक्तियों की लड़ाई नहीं है, विचारों की है। धर्मनिपरपेक्षता को खत्म करने के लिए पहले ही छद्म धर्मनिरपेक्षता शब्द गढ़ लिया गया था। जात-पात से ऊपर उठकर सबकी बात करने वालों को छद्म धर्मनिरपेक्ष के साथ अपीजमेंट (तुष्टिकरण) करने वाला कहा गया। मगर देश के हिन्दू और मुस्लिम दोनों ने बीजेपी की इस राजनीति को लंबे समय तक रोके रखा।

लेकिन आज मोदी की धार्मिक विभाजन की राजनीति हिन्दू के साथ मुस्लिम भी फंसा दिखता है। अगर मोदी और ओवैसी की यह राजनीति सफल हो गई तो देश को पाकिस्तान बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए मुस्लिम के साथ हिन्दू की और हिन्दू के साथ मुस्लिम की जिम्मेदारी है कि एक मोदी के जाल से निकले और दूसरा ओवैसी के जाल से। वैसे तो असल में दोनों एक ही हैं। हिन्दू राजनीति मुस्लिम राजनीति को फायदा पहुंचाती है और मुस्लिम राजनीति हिन्दू राजनीति को। और दोनों मिलकर देश को नुकसान पहुंचाते हैं।

ऐसे ही द्विराष्ट्रवाद का सिद्धांत सावरकर ने शुरू किया था। समझिए इसीलिए बीजेपी उनके तमाम धार्मिक विचार जो गाय को लेकर भी हैं से अनकम्फर्टेबल रहकर भी उन्हें अपना आदर्श मानती है। बाद में जिन्ना ने भी इस विचार को अपना लिया। और इसका नतीजा देश ने हिन्दू-मुस्लिम राजनीति के रूप में देखा। लेकिन उस समय गांधी थे, नेहरू थे जिनके विशाल व्यक्तित्व ने नफरत और विभाजन की राजनीति के बावजूद देश को संभाले रखा। गांधी को तो अपना बलिदान देना पड़ा। और बाद में नेहरु ने भारत को इस नफरत की राजनीति से बहुत मेहनत और समझ से बाहर निकाला। देश का नवनिर्माण किया।

नेहरू का आज तक विरोध करने का यही कारण है। कि वे धर्मनिरपेक्षता, तरक्की और वैज्ञानिक मिजाज की बात करते थे। मोदी तो नेहरू का विरोध करते ही हैं ओवैसी भी करते हैं। वे तो और आगे बढ़कर राहुल की नकल उतारते हुए यह बताते हैं कि वे क्या बोलते, करते हैं। बहुत ही वाहियात मिमिक्री।

क्या बोलते हैं राहुल? आज तक किसी भी समुदाय के बारे में कोई गलत बात बोली? हमेशा यही बोला कि मैं सबके साथ खड़ा हूं। हिन्दू-मुस्लिम सबके। क्या चाहते हैं ओवैसी कि राहुल किसी एक समुदाय के साथ खड़े हो जाएं! मोदी भी यही चाहते हैं। दोनों की राजनीति आसान हो जाएगी।

लेकिन ओवैसी जरा यह बता दें कि केवल मुस्लिम के वोट से वे हिजाबी प्रधानमंत्री कैसे बना लेंगे? महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सबको नुकसान पहुंचाकर उनका बड़ा अचीवमेंट क्या है? खुद की जीती सीटें या बीजेपी को मुंबई में रिकार्ड जिताई 89 सीटें? 13 नगर निगमों में उनकी जीत 125 वार्डों में बताई जा रही है। और इससे कई गुना ज्यादा सीटों पर उन्होंने धर्मनिरपेक्ष पार्टियों के उम्मीदवारों को हराया है। यही उन्हें काम दिया गया था और यही उनकी उपलब्धि है। खुद कहीं अध्यक्ष नहीं बना पाएंगे। मगर बीजेपी के बनवा देंगे।

अब कुछ ही समय में बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु, पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ओवैसी गोदी मीडिया के बाद सबसे बड़े मोदी समर्थक के रूप में नजर आएंगे। वैसी ही घोषणा करते हुए जैसा गोदी मीडिया कहता है कि हम मोदी के साथ थोड़ी हैं। गोदी मीडिया तो पूरी तरह एक्सपोज हो गया।

# राज्य चुनावों से पहले ईडी के फिर अति सक्रिय होने पर रहस्य गहराया

— डॉ. ज्ञान पाठक

**यह** सही समय है कि सर्वोच्च न्यायालय को ईडी की कार्रवाई के साथ-साथ पूरे राजनीतिक पृष्ठभूमि और सत्ताधारी दल द्वारा जांच एजेंसी के संभावित दुरुपयोग पर भी विचार करना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों के लिए चुनावों के दौरान समान अवसर के लिए कुछ दिशानिर्देश होने चाहिए, और सत्ताधारी दल को तथाकथित कानूनी कार्रवाई के माध्यम से विपक्षी राजनीतिक अभियानों को पटरी से उतारने और चुनावी परिणामों को प्रभावित करने से रोका जाना चाहिए।

भारत में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विपक्षी नेताओं और प्रवर्तन निदेशालय से जुड़े हाई-प्रोफाइल राजनीतिक-कानूनी मामलों की सुनवाई कोई नई बात नहीं है। हालांकि, 15 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने जिस मामले की सुनवाई की, उसका अप्रैल-मई 2026 में होने वाले पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनावों से पहले खास महत्व है। ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ काम करने वाली राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आईपैक पर छापे के दौरान चोरी और रुकावट डालने का आरोप लगाया है।

यह एक खुला रहस्य है कि ईडी राष्ट्रीय और राज्य चुनावों से पहले अति सक्रिय हो जाती है और विपक्षी नेताओं के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई शुरू कर देती है, उन्हें नोटिस भेजती है, उन्हें अपने समक्ष पेश होने के लिए कहती है, उनके ठिकानों पर छापे मारती है, और यहां तक कि उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्त भी जब्त कर लेती है, जिससे विपक्षी पार्टियां कमजोर हो जाती हैं, उनके राजनीतिक अभियान पटरी से उतर जाते हैं और सीटों के मामले में उनके राजनीतिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह सत्ताधारी भाजपा और एनडीए को सत्ता हथियाने और विपक्ष को आसानी से हराने में मदद करता है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईडी पर कई बार प्रतिकूल टिप्पणी की है और कहा है कि यह केंद्र सरकार के एक उपकरण के रूप में काम नहीं कर सकता। यह सवाल अभी तक तय नहीं हुआ है कि क्या ईडी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्ताधारी व्यवस्था के राजनीतिक हथियार के रूप में काम करता है? पूरा विपक्ष तो ऐसा ही आरोप लगाता है, और अनेक लोग कहते हैं कि मोदी सरकार ने केन्द्रीय अपराध अन्वेषण विभागों को विपक्षी नेताओं के पीछे लगा रखा है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु उन पांच राज्यों में से हैं जहां अप्रैल-मई 2026 में चुनाव होने हैं, और हम देख रहे हैं कि




ईडी कितनी सक्रिय हो गई है। दोनों राज्यों से विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी की कई कार्रवाइयों की खबरें आ रही हैं। 8 जनवरी को ईडी ने सॉल्ट लेक में राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आईपैक के ऑफिस और इसके निदेशक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर एक पुराने कोयला तस्करी मामले के सिलसिले में छापा मारा था। चूंकि आईपैक टीएमसी के लिए काम करती है, इसलिए यह साफ है कि पार्टी का संवेदनशील राजनीतिक डेटा उनके पास है, जो ममता बनर्जी के लिए लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा राज्य में टीएमसी से सत्ता छीनने की कोशिश कर रही है, और प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री ने बार-बार कहा है कि पश्चिम बंगाल उनका टॉप टारगेट है। इसलिए ईडी की कार्रवाई राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। ईडी के इस आरोप पर है कि आईपैक ऑफिस और उसके डायरेक्टर के ठिकानों पर छापे के दौरान उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से रुकावट का सामना करना पड़ा, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र और विपुल पंचोली की सर्वोच्च न्यायालय की बेंच ने इसे 'बहुत गंभीर' बताया, और कहा कि वे नोटिस जारी करके मामले की जांच करेंगे। उन्होंने मौखिक रूप से टिप्पणी की, 'यह बहुत गंभीर मामला है; हम नोटिस जारी करेंगे। हमें इसकी जांच करनी होगी।'

इस मामले पर 9 जनवरी को कलकत्ता हाई कोर्ट में भी हंगामा हुआ था, जिस पर बेंच ने कहा कि ईडी छापे मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट में हुए हंगामे से वे बहुत परेशान हैं। गौरतलब है कि हंगामे के बाद, कलकत्ता हाई कोर्ट ने कोर्टरूम के अंदर बेकाबू अराजकता का हवाला देते हुए, राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आईपैक से जुड़े ठिकानों पर ईडी के तलाशी और जब्ती अभियान से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई 14 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी थी। जांच एजेंसी के छापे के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार का 'हस्तक्षेप और रुकावट' एक बहुत ही चौंकाने वाला पैटर्न दिखाता है, ईडी की ओर से पेश हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से कहा। उन्होंने कहा कि इससे दूसरों को बढ़ावा मिलेगा और केंद्रीय बलों का मनोबल गिरेगा तथा 'राज्यों को लगेगा कि वे छापामारी के दौरान घुस सकते हैं, चोरी कर सकते हैं, और फिर धरने पर बैठ सकते हैं। एक मिसाल कायम की जानी चाहिए, जो अधिकारी वहां मौजूद थे, उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए।'

कलकत्ता हाईकोर्ट में हुए हंगामे के बारे में, श्री मेहता ने कहा कि सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में वकील और अन्य लोग कोर्ट में घुस गए, जिसके कारण सुनवाई स्थगित करना पड़ी, और कहा, 'ऐसा तब होता है जब लोकतंत्र की जगह भीड़तंत्र ले लेता है।' वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने ईडी की याचिका का विरोध किया और कहा कि मामले की सुनवाई पहले हाईकोर्ट में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह सरासर झूठ है कि सभी डिजिटल डिवाइस ले लिए गए। यह आरोप कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी डिवाइस ले लिए, झूठ है, जिसकी पुष्टि ईडी के अपने पंचनामे (तलाशी रिकॉर्ड) से होती है।' उन्होंने यह भी कहा, 'कोयला घोटाले में आखिरी बयान फरवरी 2024 में दर्ज किया गया था; तब से ईडी क्या कर रही थी? चुनावों के बीच इतनी जल्दबाजी क्यों?'

हालांकि ईडी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी परिसर में घुसीं और जांच से जुड़े 'अहम' सबूत ले गईं, ममता ने केंद्रीय एजेंसी पर अपनी हद पार करने का आरोप लगाया है, और पश्चिम बंगाल पुलिस ने भी ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ममता की तरफ से पेश होते हुए श्री सिब्बल ने कहा, 'हम सब जानते हैं कि आईपैक पश्चिम बंगाल में चुनावों का काम देखती है। आईपैक और टीएमसी के बीच एक फॉर्मल कॉन्ट्रैक्ट है।' उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव का डेटा गुप्त होता है और वह सब वहीं रखा जाता है। उम्मीदवारों वगैरह के बारे में बहुत सारी जानकारी होगी। एक बार जब आपके पास जानकारी आ जाएगी, तो हम चुनाव कैसे लड़ेंगे? ममता बनर्जी को विरोध करने का अधिकार है कि वह इसकी रक्षा करें और इसलिए वे वहां गयीं।'

इस पूरे मामले को सिर्फ प्रशासनिक मुद्दा नहीं माना जा सकता। ईडी की कार्रवाई हमेशा पूरी तरह से प्रशासनिक नहीं होती, खासकर चुनावों से पहले या उसके दौरान उनकी अति सक्रिय भूमिका को देखते हुए, और वह भी मुख्य रूप से विपक्षी नेताओं के खिलाफ। 2014 से, 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज किए गए हैं, जबकि जुलाई 2025 तक भ्रष्टाचार के मामलों में सिर्फ 0.1 प्रतिशत दोषसिद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि ईडी के पास विपक्षी नेताओं के खिलाफ पर्याप्त सुबूत नहीं होते हैं।

आम चुनाव 2024 से पहले भी, कई नेताओं को ईडी की कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिसमें आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, झामुमो नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं।

सरकार का रुख है कि वे 'भ्रष्टों के झुंड' (जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी नेताओं और इंडिया गठबंधन को कहा है) के खिलाफ कार्रवाई करने पर तुले हुए हैं। कोर्ट ने भी कई बार कहा है कि राजनीतिक पद कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं देता, भले ही गिरफ्तारियां चुनावों के करीब हों, लेकिन उन्होंने यह भी कहा है कि ईडी को सत्ताधारी दल के राजनीतिक हथियार के रूप में काम नहीं करना चाहिए।

यह सही समय है कि सर्वोच्च न्यायालय को ईडी की कार्रवाई के साथ-साथ पूरे राजनीतिक पृष्ठभूमि और सत्ताधारी दल द्वारा जांच एजेंसी के संभावित दुरुपयोग पर भी विचार करना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों के लिए चुनावों के दौरान समान अवसर के लिए कुछ दिशानिर्देश होने चाहिए, और सत्ताधारी दल को तथाकथित कानूनी कार्रवाई के माध्यम से विपक्षी राजनीतिक अभियानों को पटरी से उतारने और चुनावी परिणामों को प्रभावित करने से रोका जाना चाहिए।

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत

-ललित गर्ग-

**महाराष्ट्र** में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल



वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। ह्यमराठी मानुषह्ल जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं।

# निराश्रित गोवंश संरक्षण और चरागाहों को कब्जा मुक्त करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : धर्मपाल सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में विभागीय मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए।

बैठक मे मंत्री विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्पष्ट किया कि कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन को साझा करते हुए बताया कि किसानों की आय वृद्धि के लिए पशुपालन मुख्य आधार है। उन्होंने पुरानी सभ्यता का स्मरण कराते हुए ह्यगौशाला, पाठशाला और व्यायामशालाह्य के महत्व पर जोर दिया। राजस्व और पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सरकारी चरागाहों की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराकर वहां हरा चारा लगवाएं। मंत्री ने महोबा में विकसित हो रहे ह्यकाऊ टूरिज्मह्य मॉडल की सराहना करते हुए इसे अन्य धार्मिक क्षेत्रों में भी लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूली बच्चों को इसके भ्रमण के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। चित्रकूट में संतों के लिए एक विशेष गौशाला के साथ दो नई गौशालाओं के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

मुख्य विकास अधिकारी को नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि किसान पशुओं का परित्याग न करें। बताया कि इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा सीमन फ्री में दिया जा रहा है। कहा कि कृत्रिम गभार्धान पर विशेष ध्यान देते हुए तीन-चार महीने के बछड़े का बधियाकरण अभियान चलाकर कराएं। साथ ही गोबर और गोमूत्र से उत्पाद बनाकर आय बढ़ाने तथा मुर्गी पालन, सूकर पालन व बकरी पालन जैसे क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर बल दिया। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ठंड के मौसम में गौशालाओं में त्रिपाल और चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ह्यकान्हा गौशालाह्य के बेहतर प्रबंधन तथा ह्यबासी रोटीह्य संग्रहण के लिए ई-रिक्शा के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। कहा कि मृत गोवंश का निस्तारण ससम्मान गौशाला परिसर के भीतर ही गड्ढा खोदकर किया जाए। कहा के जानवरों में गलाघोंटू, खुरपका, मुंह पका, लम्पी डिजीज जैसी बीमारियों के लक्षण दिखते ही इलाज करें। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए धरातल पर दिखनी चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह कोटार्य सहित चित्रकूटधाम मण्डल के सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, अपर मुख्या अधिकारी पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि मौजूद रहे।




## संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत वन्दना सत्र में प्रेरक उद्बोधन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय अभियान प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृति की उपयोगिता और महत्ता तभी अक्षुण्ण रह सकती है, जब जीवन के व्यवहार में उसके मूल्यों का सम्यक समावेश हो। बताया कि भारतीय संस्कृति की अवधारणा सर्वसमावेशी है, इसी कारण इसे आचरण और व्यवहार में उतारना आवश्यक है। भारतवर्ष प्राचीन काल से ही विश्व-बन्धुत्व तथा प्राणिमात्र से प्रेम और आत्मीयता का आदर्श प्रस्तुत करता रहा है। सर्वजन समभाव भारतीय दर्शन और संस्कृति की अमूल्य विरासत है। भारतीय परम्परा में यह माना गया है कि एक ही आत्मा सभी प्राणियों में विभिन्न रूपों में व्यक्त होती है। भारतीय संस्कृति में सर्वत्र एकत्व और आत्मभाव देखा जाता है तथा जीवन व्यवहार में सभी प्राणियों के प्रति समदर्शन की भावना विद्यमान है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय कहा कि विश्वमानवता और विश्वबन्धुत्व की भावना भारतीय संस्कृति में ही सुरक्षित है। इस भावना को समाज के प्रत्येक व्यक्ति के अंतःकरण तक पहुँचाने के लिए विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान सहभागिता के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## हेमू कालाणी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद हेमू कालाणी के बलिदान दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय के शहीद पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद हेमू कालाणी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि शहीद हेमू कालाणी ने मात्र 19 वर्ष की उम्र में ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। ब्रिटिश सरकार ने रेल पटरी उखाड़ने की कोशिश करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपने साथियों का नाम बताने से इंकार कर दिया और इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते हुए फांसी पे झूल गए। उनको सिंध का भगत सिंह भी कहा जाता हैं। उनकी निर्भीकता और साहस आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इस दौरान युवाओं से शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने, देशभक्ति, सत्य और साहस के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष राजीव लखानी, महिला प्रभारी भावना, प्रीतम, साधुराम, किशोर, आनंद, सोनू, जैकी, लेखराज, कालू, मिश्री आदि मौजूद रहे।

## प्रशासनिक कार्रवाई में प्राचीन गौरीहार मंदिर की बारादरी ध्वस्त होने से संतों में आक्रोश



**चित्रकूट।** चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत बुधवार को प्राचीन गौरीहार मंदिर की बारादरी को ध्वस्त करने की प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हुई। इस कार्रवाई के लिए एक पोकलैंड मशीन और चार जेसीबी मशीनों को लगाया गया है। वहीं मौके पर जिले भर के प्रशासनिक अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद है। मंदिर परिसर के आसपास छह थानों की पुलिस तैनात की गई है। तीन एसडीएम मौके पर है। संत समाज के विरक्त मंडल अध्यक्ष संघ के अधिक महाराज ने बताया कि प्रशासन मनमानी कर रहा है, क्योंकि यह एक प्राचीन मंदिर है और इसमें हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि प्रशासन से कई बार बातचीत और बैठक हुईं। लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। महाराज ने यह भी बताया कि जब जेसीबी मशीनें चलने लगीं, तो मंदिर परिसर के संतों ने जबलपुर हाई कोर्ट से स्टे ले लिया, जो मार्च तक प्रभावी रहेगा।

प्राचीन मंदिर में जेसीबी मशीनें चलने के बाद संत समाज में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। आरोप है कि गोधन मंदिर के महंत के प्रयागराज कल्पवास पर जाने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई शुरू करने का 'मौका' देखा। जब इस संबंध में प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया।

## बंदरों के आतंक एवं जलभराव से किसान परेशान

**चित्रकूट।** बंदरों के आतंक से परेशान सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर व बरमपुर के दर्जनों किसानों ने बुधवार को कलेक्टरेट परिसर पहुंच कर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को ज्ञापन सौंपा। डीएम को ज्ञापन सौंपकर किसानों ने समस्या के समाधान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह व जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि बंदरों के आतंक से गांव में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। प्रतिदिन बंदरों के कारण घटनाएं हो रही है, किसानों ने बंदरों को पकड़ने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। इसी क्रम में किसान संतगोपाल भारतीय ने बताया कि जल जीवन मिशन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव का नाला तोड़ दिया गया है, जिससे जलभराव बना रहता है। अभी तक विभाग द्वारा अभी तक नाला नहीं बनाया गया। मांग की कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। इस मौके पर किसान शिवकांत दुबे, जय गोपाल पटेल, नत्थू प्रसाद, अजय किशोर, राजाराम पटेल, मूर्तध्वज, अशोक, शिवराम, कमलेश, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल में कांग्रेसियों ने सुनी मजदूरों की समस्याएं



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मनिकपुर विधानसभा क्षेत्र के रैपुरा, यादव पुरवा एवं हनुवा ग्राम पंचायत में जिला कौंग्रेस समिति द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कौंग्रेस पदाधिकारियों ने मनरेगा से राष्ट्रपिता का नाम हटाए जाने पर विरोध दर्ज करते हुए मनरेगा मजदूरों से वार्ता की।

चौपाल में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि कौंग्रेस शासन में मनरेगा कानून बनाकर गरीबों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई, लेकिन वर्तमान सरकार उन योजनाओं के नाम बदलने या उनको बंद करने का काम कर रही है, जिसका कौंग्रेस विरोध करती रहेगी। वरिष्ठ कौंग्रेस नेता पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र दोनों को दबाना चाहती है, लेकिन कौंग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है तथा महिलाओं, किसनों, मजदूरों व युवाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। मनरेगा से नाम हटाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कौंग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। जिला महासचिव कालीचरण राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों व दलितों के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है, उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। कौंग्रेस पार्टी इस लड़ाई को लड़ेंगी और जीतेंगी। इस मौके पर जिला सचिव राजेश सिंह, दिलीप यादव, मंडल अध्यक्ष श्याम कली, बच्चा प्रजापति, नीरज द्विवेदी, प्रकाश वर्मा, मिथिलेश वर्मा, रामचंद्र, मेवालाल राजपूत, सुधीर, जीवन, रामादेवी, शिवपूजन, राम मूरत, राजू सैनी, रंजीत यादव, सौरभ दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# जापान की पीएम का सबसे बड़ा दांव, चुनाव के फैसले से कुर्सी बचेगी या जाएगी?

**जापान**

**जापान** की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची इस सप्ताह संसद के निचले सदन को भंग कर देंगी और अचानक आम चुनाव की घोषणा करेंगी। इस कदम से जापान में जल्द और तेजी से चुनाव अभियान शुरू हो जाएगा। टोक्यो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, ताकाइची ने कहा कि संसद का निचला सदन 23 जनवरी को भंग कर दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आज, प्रधानमंत्री के रूप में, मैंने 23 जनवरी को संसद के निचले सदन को भंग करने का निर्णय लिया है। ताकाइची ने कहा कि यह जल्द चुनाव मतदाताओं को यह तय करने का सीधा मौका देने के लिए है कि क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में बने रहना चाहिए। उन्होंने इस चुनाव को ऐसे समय में अपने नेतृत्व की स्पष्ट परीक्षा बताया जब जापान आर्थिक दबाव और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्या सनाए ताकाइची



प्रधानमंत्री बनने के योग्य हैं? मैं जनता से यह फैसला करवाना चाहती थी।

**मजबूत जनादेश की मांग**

तय समय से पहले संसद भंग करके, ताकाइची एक मजबूत जनादेश हासिल करना चाहती हैं। स्पष्ट जीत से उन्हें महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाने और संसद तथा अपनी पार्टी के भीतर विरोध को कम करने में मदद मिल सकती है। जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री ने आर्थिक सुधारों, रक्षा उन्नयन और क्षेत्रीय मामलों में अधिक दृढ़ रुख सहित कई बड़े बदलावों का वादा किया है। विपक्षी दलों ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री समय से पहले चुनाव कराकर संसद में कठिन सवालों से बच रही हैं। उनका तर्क है कि कई नीतिगत मुद्दों पर मतदाताओं के सामने सीधे ले जाने के बजाय विधायिका में बहस होनी चाहिए थी।

**आगे आने वाला चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है**

अचानक चुनाव कराना एक जोखिम भरा कदम है। मजबूत नतीजे से ताकाइची को अधिक नियंत्रण मिलेगा और उनकी कार्ययोजना में तेजी आएगी। हालांकि, कमजोर नतीजे से प्रतिद्वंद्वी प्रोत्साहित हो सकते हैं और उनकी सरकार हिल सकती है।

# तीन साल में पहली बार चीन के साथ क्या हुआ ऐसा, कैसे धीमी पड़ गई ड्रैगन की चाल

**चीन**

**पड़ोसी** देश चीन के लिए ये खबर चिंता बढ़ाने वाली है। पिछले तीन वर्षों में जो स्थिति नहीं बनी थी, वो अब सामने आ गई है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि फिसलकर 4.5% पर आ गई जो लगभग तीन साल की सबसे धीमी रफ्तार मानी जा रही है। इस गिरावट की मुख्य वजह घरेलू मांग में कमजोरी और रियल एस्टेट सेक्टर की लगातार चली आ रही सुस्ती रही। हालांकि राहत की बात ये है कि पूरे साल की आर्थिक वृद्धि दर बीजिंग सरकार के तय लक्ष्य के आसपास ही बनी हुई है। लेकिन तिमाही आंकड़े साफ संकेत दे रहे हैं कि अर्थव्यवस्था पर दबाव अब भी कायम है।

**चीन की चौथी तिमाही की विकास दर लगभग तीन वर्षों में सबसे धीमी रही**

दिसंबर के अलग-अलग आंकड़ों से पता चलता है कि देश में घरेलू खपत कमजोर पड़ी, निवेश में



गिरावट और तेज हुई, जबकि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कुछ सुधार दिखा। दिसंबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 0.9% बढ़ी। यह अर्थशास्त्रियों के 1.2% के अनुमान से कम रही और नवंबर के 1.3% से भी धीमी थी। विंड इंफॉर्मेशन के अनुसार, यह दिसंबर 2022 के बाद सबसे कमजोर वृद्धि है, जब खपत के संकेतक में सालाना आधार पर 1.8% की गिरावट दर्ज की गई थी। दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा, जो 5% के अनुमान से बेहतर रहा। यह पिछले महीने के 4.8% से भी अधिक है, जिससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार के संकेत मिलते हैं। पिछले साल स्थिर पूंजी निवेश 3.8% घट गया, जो रॉयटर्स सर्वे में अर्थशास्त्रियों के 3% की गिरावट के अनुमान से भी ज्यादा खराब है। इसमें रियल एस्टेट भी शामिल है। प्रॉपर्टी सेक्टर में निवेश लगातार गिरता रहा—2025 में यह 17.2% घटा, जो 2024 में 10.6% की गिरावट से भी ज्यादा है।

# धमाके से दहला अफगानिस्तान, कई लोगों के मारे जाने की आशंका

**काबुल**

**अफगान** अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को काबुल के मध्य में स्थित एक होटल में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह विस्फोट राजधानी के व्यस्त इलाके शाहर-ए-नाव में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने और यह दुर्घटना थी या हमला, यह जानने के लिए जांच जारी है। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने पुष्टि की कि यह विस्फोट शाहर-ए-नाव के एक होटल में हुआ और इसमें कई लोग हताहत हुए।

**गृह मंत्रालय ने हताहतों की पुष्टि की**

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि विस्फोट में कुछ लोगों की मौत हुई और कुछ घायल हुए। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की सही संख्या जारी नहीं की है। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को सील करने के बाद आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं। स्थानीय टेलीविजन चैनल टोलो न्यूज द्वारा प्रसारित फुटेज में होटल के पास की सड़क से घना धुआं और धूल उठती दिखाई दे रही है।

# पुतिन को भेजा पीस बोर्ड का न्योता, क्रेमलिन बोला- कर रहे समीक्षा

**अमेरिका**

**अमेरिका** ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा प्रस्तावित पीस बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह गाजा में जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक नई पहल है। क्रेमलिन ने सोमवार को इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि वह प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और वाशिंगटन से इस बारे में और स्पष्टीकरण मांग रहा है। क्रेमलिन ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि हमें उम्मीद है कि 'शांति बोर्ड' प्रस्ताव के विवरण को स्पष्ट करने के लिए हम अमेरिका से संपर्क करेंगे। हम इसके विशिष्ट पहलुओं का अध्ययन कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शांति बोर्ड गाजा संघर्ष के समाधान के लिए ट्रंप की योजना के दूसरे चरण का हिस्सा है। इस निकाय की अध्यक्षता ट्रंप जीवन भर करेंगे और शुरूआत में इसका मुख्य ध्यान गाजा युद्ध को समाप्त करने पर होगा। बाद में, इसकी भूमिका अन्य वैश्विक संघर्षों को संबोधित करने के लिए भी विस्तारित हो सकती है।

खबरों के अनुसार, भारत और पाकिस्तान सहित लगभग 60 देशों को निमंत्रण भेजा जा चुका है, जिससे यह एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव बन गया है। दुनिया भर की सरकारों ने ट्रंप के इस विचार पर सतर्कता से प्रतिक्रिया दी है। कुछ देशों ने निमंत्रण प्राप्त करने की बात स्वीकार की है, जबकि कई देशों ने सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्ट रुख अपनाने से परहेज किया है। राजनयिकों ने चिंता जताई है कि यह नया



बोर्ड अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के समाधान में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कमजोर कर सकता है। कुछ अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस योजना से समानांतर संरचनाएं बनने का खतरा है जो मौजूदा वैश्विक संस्थानों को कमजोर कर सकती हैं।

ट्रम्प के करीबी सहयोगी हंगरी ने खुले तौर पर इस प्रस्ताव का समर्थन किया है और बिना किसी हिचकिचाहट के निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस योजना को और भी मजबूती मिली है क्योंकि कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट टोकायेव ने भी शांति बोर्ड में शामिल होने की सहमति दे दी है। उनके प्रवक्ता ने कहा कि टोकायेव मध्य पूर्व में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता में योगदान देना चाहते हैं। व्यापक प्रयासों के बावजूद, कई महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित हैं, जिनमें यह शामिल है कि बोर्ड कैसे कार्य करेगा, निर्णयों को कैसे लागू किया जाएगा और यह संयुक्त राष्ट्र जैसे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ कैसे समन्वय करेगा।

# पाकिस्तान में व्यक्ति ने घरेलू विवाद को लेकर परिवार के सात सदस्यों की हत्या की

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो महीने की बेटी सहित सात लोगों की घर में गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस ने गोलीबारी की घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान फारूक उर्फ फारोकय के रूप में हुई है। आरोप है कि घरेलू विवाद के बाद उसने घर में मौजूद रिश्तेदारों को



निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में मौके पर ही सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में आरोपी के दो भाई और उनकी पत्नियां, साथ ही उसकी अपनी पत्नी और उसकी दो महीने की बेटी शामिल हैं। इस घटना का कारण घरेलू कलह को बताया जा रहा है।

# अब यूरोप ने शुरू किया पलटवार, ठोकेगा ऐसा टैरिफ

**यूरोप**

**अमेरिका** और यूरोप के बीच एक ऐसी ट्रेड वॉर छिड़ गई है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। राष्ट्रपति ट्रंप की ग्रीनलैंड को हड़पने की जिद अब अमेरिका पर ही भारी पड़ती दिखाई दे रही है। यूरोप ने साफ कर दिया है कि वो ट्रंप की धमकियों के आगे झुकने वाला नहीं है। खबर है कि यूरोपीय संघ अमेरिका को 93 बिलियन यूरो यानी करीब 107 अरब डॉलर का तगड़ा झटका देने की तैयारी में है। दरअसल यह लड़ाई अब सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रही बल्कि सीधे तौर पर दुनिया की इकॉनमी




को हिलाने वाली जंग बन चुकी है। यह पूरा विवाद ग्रीनलैंड को लेकर शुरू हुआ। ट्रंप किसी भी तरह से ग्रीनलैंड को कब्जा जमाना चाहते हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर चेतावनी भी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर समझौता नहीं हुआ तो 1 फरवरी से डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन समेत आठ यूरोपीय देशों के सामान पर 10% एक्स्ट्रा टेरिफ लगा दिया जाएगा।

इतना ही नहीं 1 जून से इस टैक्स को बढ़ाकर 25% करने की धमकी भी दी गई। हालांकि ट्रंप की इस धमकी के बावजूद भी यूरोप दबने का नाम नहीं ले रहा। ट्रंप की इस ब्लैकमेलिंग के जवाब में यूरोपीय संघ ने एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों ने साफ कर दिया कि वह चुप नहीं बैठेंगे। फाइनेंसियल टाइम्स के रिपोर्ट के मुताबिक यूरोप अब अमेरिका पर 93 बिलियन यूरो का जवाबी टैरिफ लगाने या अमेरिकी कंपनियों को अपने बाजार से बाहर का रास्ता दिखाने जैसे कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहा है। यह जवाबी कारवाई 6 फरवरी से लागू हो सकती है। यानी ट्रंप अगर 1 फरवरी को टैक्स बढ़ाते हैं तो महज 5 दिन के अंदर अमेरिका को यूरोप से करारा जवाब मिल जाएगा। तनाव इतना बढ़ चुका कि बात सिर्फ व्यापार तक नहीं रही। इन यूरोपीय देशों ने ग्रीनलैंड के आसपास आर्कटिक क्षेत्र में अपनी सेनाएं तक तैनात कर दी।

वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री माकार्नी ने भी इस पर गहरी चिंता जताई है।

# स्कूल बस दुर्घटना में कम से कम 13 बच्चों की मौत

**दक्षिण अफ्रीका**

**दक्षिण** अफ्रीका के गौतेंग प्रांत में एक ट्रक और स्कूल मिनी बस की टक्कर में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को सुबह करीब सात बजे यह घटना तब हुई जब बस जोहानिसबर्ग में प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के छात्रों को ले जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चों को ले जा रही मिनी बस अन्य वाहनों से आगे निकलने का प्रयास कर रही थी तभी वह सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और ट्रक चालक से पूछताछ की जाएगी। गौतेंग आपातकालीन सेवा ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में बस चालक भी शामिल है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को प्रभावित परिवारों की मदद का निर्देश दिया।

# भगोड़े नीरव मोदी की बढ़ी टेंशन

**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** की एक अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय से भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी और उनकी कंपनियों के खिलाफ दायर दीवानी मुकदमे में बैंक ऑफ इंडिया के एक गवाह का बयान दर्ज करने में सहायता करने का अनुरोध किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस अनुरोध पर विचार करने की सहमति दे दी है, जिसे ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय के किंग्स बेंच डिवीजन की ओर से केंद्रीय विधि मंत्रालय के माध्यम से भेजा गया था। यह कदम धोखाधड़ीपूर्ण वचनपत्रों से जुड़े बकाया ऋणों के आरोपों से निपटने के लिए चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का



हिस्सा है। बैंक ऑफ इंडिया, फायरस्टार डायमंड एफजेडई, फायरस्टार इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और नीरव मोदी के खिलाफ ब्रिटेन में कानूनी कार्रवाई कर रहा है।

बैंक ने आरोप लगाया है कि नीरव मोदी के निर्देश पर बनी कंपनियों ने महत्वपूर्ण ऋण भुगतान में चूक की है। साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया के तहत, ब्रिटेन की अदालत ने एक गवाह की पहचान की है जिसकी गवाही इस मामले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दिल्ली स्थित बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर अनिमेष बरुआ को इस मुकदमे में मुख्य गवाह के रूप में नामित किया गया है।

बरुआ का निवास दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होने के कारण, ब्रिटेन का अनुरोध आधिकारिक तौर पर भारतीय अधिकारियों को भेजा गया ताकि उनका बयान स्थानीय स्तर पर दर्ज किया जा सके और उसे ब्रिटेन की अदालत को भेजा जा सके। न्यायिक सहयोग का अनुरोध 1970 के हेग कन्वेंशन के प्रावधानों के तहत किया गया था, जो दीवानी और वाणिज्यिक मामलों में सीमा पार साक्ष्य साझाकरण को सुगम बनाता है।

# टाउन हॉल में गोलीबारी, एक की मौत, चार घायल



**टाउन हॉल**

**उत्तरी चेक** गणराज्य के एक कस्बे के टाउन हॉल में सोमवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध की भी गोली लगने से मौत हो गई है और अब किसी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी क्रिब्स्का कस्बे के टाउन हॉल में हुई। घटना का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# कीव से कश्मीर तक, जयशंकर ने बैठक में पोलैंड को दो कड़े संदेश दिए

**पाकिस्तान**

**पोलैंड** को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए और भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने पोलिश समकक्ष राडोस्लाव सिकोरस्की से कहा, जो पिछले साल पोलैंड और पाकिस्तान द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कश्मीर और आतंकवाद के उल्लेख के जवाब में था। जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में यूरोपीय देशों द्वारा भारत को चुनिंदा रूप से निशाना बनाने का मुद्दा भी उठाया और इस प्रवृत्ति को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताया। ये टिप्पणियां सिकोरस्की के साथ अपनी मुलाकात की शुरूआत में जयशंकर के टेलीविजन पर प्रसारित भाषण का हिस्सा थीं।

पिछले साल अक्टूबर में सिकोरस्की की इस्लामाबाद यात्रा के बाद जारी पाकिस्तान-पोलैंड के संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे और आतंकवाद को राज्य के समर्थन के संदर्भों को नई दिल्ली में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। इस महीने की शुरूआत में पेरिस में वीमर ट्रायंगल प्लस प्रारूप की एक बैठक में, जिसमें जयशंकर भी शामिल हुए थे, सिकोरस्की ने भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कमी पर संतोष व्यक्त किया था, क्योंकि इससे [रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर] पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषण मिल रहा है। जयशंकर ने अपने टेलीविजन संबोधन में सीमा पार आतंकवाद की दीर्घकालिक चुनौती की ओर इशारा करते हुए कहा मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा



करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए और अपने पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।

पिछले साल अक्टूबर में सिकोरस्की की इस्लामाबाद यात्रा के बाद जारी पाकिस्तान-पोलैंड के संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे और आतंकवाद को राज्य के समर्थन के संदर्भों को नई दिल्ली में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। इस महीने की शुरूआत में पेरिस में वीमर ट्रायंगल प्लस प्रारूप की एक बैठक में जिसमें जयशंकर भी शामिल हुए थे, सिकोरस्की ने भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कमी पर संतोष व्यक्त किया था। जयशंकर ने अपने टेलीविजन संबोधन में सीमा पार आतंकवाद की दीर्घकालिक चुनौती की ओर इशारा करते हुए कहा मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए और अपने पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।